4 रायपुर संभाग
सेलेक्टेड सॉइल के बजाय डाला जा रहा बोल्डरयुक्त मटेरियल

6 अभिमत
भू-राजनीति पर आतंकवाद का प्रभाव

09 विविध
सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित इंटरजोन प्रतियोगिता में...

10 संस्कारधानी
खनिज विभाग के संरक्षण में लगातार अवैध रेत उत्खनन

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 07 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-254 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं: मुर्मु



**धर्मशाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन, अतीत में बदलाव की गति इतनी तेज नहीं थी। हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं। मुर्मु हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में भाग लेते हुए इस आशय की बात कही।

### परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली तंत्र है शिक्षा : धनखड़



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली तंत्र करार देते हुए कहा है कि यह केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह प्रगति, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की आधारशिला है।

### कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायबरेली का बनाया ऑब्जर्वर



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कांग्रेस पार्टी ने रायबरेली का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। इस संबंध में एआईसीसी ने आदेश जारी किया है। इसके साथ ही राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी का सीनियर आब्जर्वर (पर्यवेक्षक) बनाया गया है।

# तीसरे चरण की सभी तैयारियां पूरी, मतदान आज

## राज्य की 7 लोकसभा सीटों पर होगी वोटिंग

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

तीसरे चरण के लिए आज होने वाले मतदान के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस चरण के चुनाव में लगभग 120 महिलाओं सहित 1,351 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, सांसद डिंपल यादव और सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों के चुनावी भविष्य का फैसला होगा। लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। छब्बीस अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे, 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जायेगी। तीसरे चरण के लिये सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। निष्पक्ष और शांति पूर्ण चुनाव के लिए चुनाव आयोग प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि, 7 लोकसभा सीटों पर कुल 15701 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। वहीं कुल 168 प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी 58 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जहां कुल मतदाताओं की संख्या 1,39,01,285 है। वहीं 1072 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किये गए हैं।

# बीजद डूबता सूरज और कांग्रेस बना इतिहास का पन्ना : पीएम मोदी

एजेंसी < बरहामपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में अपनी पहली चुनावी सभा में भाजपा को प्रदेश की जनता के लिए आशा की नयी किरण बताते हुए राज्य में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) की तुलना डूबते सूरज के समान की वहीं कांग्रेस को इतिहास का एक पन्ने के रूप में निरुपित किया। मोदी ने ओडिशा के बरहामपुर में 'विजय संकल्प समावेश' रैली को संबोधित करते हुए जनता से भाजपा को एक मौका देने की अपील की और राज्य को देश में नंबर एक बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा विशाल जल स्त्रोतों, समृद्ध खनिज भंडार और लंबी तटरेखा से समृद्ध है, फिर भी यहां के लोग अभी भी गरीबी में जूझ रहे हैं। उन्होंने राज्य की स्थिति के लिए कांग्रेस के 50 वर्षों और बीजद के 25 वर्षों के शासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि आगामी चार जून को बीजद सरकार की आखिरी इबारत लिखी जायेगी और ओडिशा में पहली बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, 6 मई है और 06 जून तक ओडिशा के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री उम्मीदवार की घोषणा कर दी जायेगी तथा 10 जून को भाजपा मुख्यमंत्री शपथग्रहण समारोह होगा, जिसके लिए मैं यहां सबको व्यक्तिगत निमंत्रण देने आया हूं। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा ओडिशा में सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने वाला एक दूरदर्शी घोषणापत्र लेकर आयी है तथा राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को लागू किया जायेगा।

# मोदी से पूछना, क्यों आरक्षण खत्म करना चाहते हैं उनके लोग : राहुल गांधी

वार्ता < सेगांव (खरगोन)
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में प्रस्तावित चुनावी दौरे के एक दिन पहले आए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आदिवासीबहुल इस क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ा देगी और कल सभी लोग प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास के दौरान उनसे सवाल करें कि क्यों उनके लोग आरक्षण को रद्द करने की बात करते हैं। गांधी यहां पार्टी के खरगोन और खंडवा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी खरगोन क्षेत्र में कल प्रधानमंत्री मोदी की भी चुनावी सभा होने वाली है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख गांधी ने कहा कि ये संविधान बचाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन बना लिया है, वे संविधान बदलना और इसे रद्द करना चाहते हैं। संविधान खत्म हुआ तो आदिवासियों को मिला सब कुछ खत्म हो जाएगा। हिंदुस्तान में 22-25 अरबपतियों का राज होगा। अरबपतियों की आंख आदिवासियों के जल जंगल जमीन पर है। ये सब छीन कर अरबपतियों के हवाले कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ये अरबपति प्रधानमंत्री के खास मित्र हैं। प्रधानमंत्री अदाणी को जल जमीन जंगल देना चाहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कल यहां आएंगे। उनसे कहिएगा, 'खटाखट खटाखट खटाखट'। उनके भाषण में उन्हें बताइएगा कि जो आपने अरबपतियों के लिए किया, वो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे गरीबों के लिए करने जा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस, इनके अधिकांश प्रधानमंत्री पर घोटाले के आरोप : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अगर मैं कहूं कि कांग्रेस ही भ्रष्टाचार की जननी है तो ये कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद जितने कांग्रेसी प्रधानमंत्री हुए, उनमें स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक अधिकांश पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में बोफोर्स घोटाले के कारण उनकी सरकार चली गई। यहां तक कि खुद राजीव गांधी स्वीकार करते थे कि मैं दिल्ली से 1 रुपए भेजता हूं, तो लोगों तक केवल 15 पैसा ही पहुंच पाता है। मनमोहन सिंह सरकार में भी अनेक घोटाले हुए उस समय जब भी कोई समाचार पत्र या टीवी में न्यूज चैनल देखते तो हर दिन कोई नया स्कैंडल सामने आता था। कोलगेट घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला, अगस्ता हेलीकॉप्टर खरीदी घोटाला जैसे आरोप मनमोहन सरकार पर लगे। इन्होंने जमीन छोड़ा ना आसमान, हर जगह घोटाला और भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब 2018 में विधानसभा चुनाव हुए तो जनता ने कांग्रेस पार्टी पर बहुत बड़ा विश्वास करके उन्हें सरकार में बैठाया था।

# पूर्व आईएएस टुटेजा गए जेलः कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा, 20 के होगी पेशी



**रायपुर।** शराब घोटाला में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की रिमांड खत्म होने पर ईडी ने उन्हें रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया। ईडी ने रिमांड की मांग की थी, कोर्ट ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया। अब टुटेजा को 20 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि बीते शनिवार को ईओडब्ल्यू ने टुटेजा और उनके पुत्र को पूछताछ के लिए बुलाया था। ईडी दोनों को वहीं से उठाकर ले गई। टुटेजा के पुत्र को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया, लेकिन टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया गया। शराब घोटाला में ईडी ने हाल ही में करोड़ों की संपत्ति अटैच की है।

# कार्यालय में महिलाएं भी काम करती हैं, कभी शिकायत नहीं मिली : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के आरोपों पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि, जो आरोप लगाए गए उनकी जांच हमने की है। रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय के सभी स्थानों पर महिला कर्मचारी काम कर रहे हैं। कभी किसी महिला ने खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया। बैज ने कहा कि, सुशील शुक्ला और राधिका खेरा के बीच बहस हुई थी, इस विषय पर सभी रिपोर्ट हमने एआईसीसी को भेजी है। लेकिन व्यक्तिगत आरोपों को लेकर राम मंदिर की आड़ लेना ठीक नहीं है। सुशील आनंद शुक्ला पर कार्रवाई के सवाल पर बैज ने कहा कि, इस संबंध में कांग्रेस पार्टी फैसला करेगी। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की ओर से नेशनल कोआर्डिनेटर बनाई गई पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस लेकर अपनी ही पार्टी के नेताओं पर जमकर आरोप लगाए। राधिका ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मीडिया सेल प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल को तो लपेटा ही, साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी जमकर आरोप लगाए।



# रामद्रोह' और 'राष्ट्रद्रोह' कांग्रेस के डीएनए में है: योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन को 'रामद्रोही' (राम-विरोधी) और 'राष्ट्रद्रोही' (राष्ट्र-विरोधी) बताया। अपने आधिकारिक आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान अयोध्या में भगवान राम लला के दर्शन करने को लेकर पार्टी सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस नेता राधिका खेड़ा के कथित अपमान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह घटना दिखाती है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आईएनडीआई गठबंधन के डीएनए में 'रामद्रोह' है और जो भी 'रामद्रोही' है, वह 'राष्ट्रद्रोही' भी है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का है और कोई भी राम भक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है उन्होंने कहा, यह इंडी गठबंधन का चरित्र है। उन्होंने हमेशा भगवान राम और उनके भक्तों का अपमान किया है। वे बहुसंख्यक समुदाय को अपमानित महसूस कराने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

चाहे वह कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या द्रमुक हो इन सभी का आचरण निंदनीय हैं और इन पार्टियों का ये 'रामद्रोही' आचरण ही इन्हें रसातल में धकेल रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया की नजरों में भारत को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ा और न ही हिंदू धर्म को नीचा दिखाने में संकोच किया। उन्होंने लोगों से राष्ट्र के हित में उनके प्रति दिखाए गए स्नेह की परवाह किए बिना, 'रामद्रोही' व्यवहार को 'राष्ट्रविरोधी' (राष्ट्र-विरोधी) मानने का आग्रह किया। उन्होंने उल्लेख किया कि जनता सतर्क है और अपने विवेकपूर्ण निर्णय ले रही है। इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जितना बड़ा 'राम भक्त' उतना ही बड़ा 'राष्ट्र भक्त' (देशभक्त) होने की गारंटी देता है, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राम भक्ति का प्रतीक और राष्ट्र भक्त बताया।

500 साल के इंतजार के बाद, अयोध्या का लंबे समय से संजोया गया सपना आखिरकार राम लला के एक बार फिर शहर की शोभा बढ़ाने के साथ पूरा हुआ। अयोध्या का यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज, नई अयोध्या हमारे सामने एक नए अध्याय का अनावरण करती है। उन्होंने कहा, अयोध्या में पीएम मोदी की उपस्थिति ने न केवल देश बल्कि दुनिया भर के राम भक्तों को प्रभावित किया। लाखों भक्तों ने पीएम मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार किया और अयोध्या में उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

# रायपुर के मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र, धूप से बचाव के लिए कूलर, ठंडे पानी,नीबू पानी, ओआरएस सहित मेडिकल टीम की व्यवस्था







## वन मंडल कार्यालय,बी पी पुजारी और आर डी तिवारी स्कूल सहित कई मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र

## मतदान दल पहुँचे बूथ पर,पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर हुआ आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों को मतदाताओं के सुविधा अनुरूप तैयार किया गया है। मतदान दल आज नियत केंद्रों पर पहुँच गये हैं, बूथ पर पहुँचते ही सभी बूथ पर दल पर पुष्प वर्षा कर रोली चंदन लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

**वन मंडल कार्यालय मतदान केन्द्र**

शहर के वन मंडल कार्यालय परिसर को सूखे पत्तों से ढँककर मतदाताओं के लिए छाँव की तैयारी की गई है।हरे भरे पत्तियों से मंडप की तरह परिसर को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। मतदान केंद्र में सभी के लिए समुचित पेयजल,नींबू पानी, विश्राम स्थल की सुविधा सहित चिकित्सा टीम भी उपस्थित रहेगी ताकि यहां पर पहुंचने वाले किसी भी मतदाता को गर्मी की वजह से समस्या न हो। ज़िला पंचायत मतदान केंद्र- शासकीय कार्यालय को खस लगाकर ठंडक दी जा रही जिससे मतदाताओं को गर्मी से परेशान न होना पड़े। इस केंद्र में मतदान के दौरान एसी की भी सुविधा मिलने वाली है। घने बड़े पेड़ होने के कारण इस केंद्र में गर्मी का असर भी कम रहेगा। यहाँ बने विश्राम स्थल भी ख़ास है, जिसके पास ही पानी, चिकित्सा सुविधा व नींबू पानी भी उपलब्ध होगा। देवेंद्र नगर ऑफ़िसर्स कॉलोनी केंद्र- हरीतिमा युक्त बनाकर इस केंद्र को आकर्षक बनाया गया है। विशाल वृक्ष के छाया तले बैठक व्यवस्था किए जाने से गर्मी से बचाव होगा। आर डी तिवारी स्कूल,बी पी पुजारी स्कूल- आदर्श मतदान केंद्र होने के कारण आकर्षक डिज़ाइन देकर स्वागत द्वार बने हैं,मतदान दौरान निःशक्त ,बुजुर्ग,महिला व अन्य वोटर्स को देर तक खड़ा न रहना पड़े,इसलिए क़तार के साथ ही बेंच लगाये गये हैं ,जिसपर बैठकर मतदाता अपनी बारी का इंतज़ार कर सकेंगे। आयुर्वेदिक कॉलेज, मायाराम सुरजन स्कूल,दिशा कॉलेज,शहीद स्मारक स्कूल- अन्य सभी मतदान केंद्र की तरह इन केंद्रों को भी व्यवस्थित कर मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु पूरी तैयारी है। सुविधाजनक विश्राम स्थल ,पेयजल, प्रसाधन की सभी सुविधाएँ यहाँ भी सुलभ है।


















# जबलपुर सड़क दुर्घटना में मृतक परिजनों को मिलेगी दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि

वार्ता रतलाम
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के तिनेटा गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से पांच बच्चों की मृत्यु पर उनके परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने जबलपुर जिला प्रशासन को इस संबंध में चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजने को कहा है। डॉ. यादव ने यह घोषणा रतलाम हवाई पट्टी पर मीडिया से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि जबलपुर के तिनेटा गांव में ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने की घटना में पांच बच्चों की मौत हुयी है और कुछ घायल हुए है। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि की अनुशंसा करते हैं और जबलपुर जिला कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेज दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह महेन्द्र बागरी, जो कल अपने कर्तव्य का पालन करने हुए शहीद हो गए, उनके परिजन को एक करोड़ रुपए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार शहीद पुलिस कर्मचारी के परिवार के साथ खड़ी है। डॉ. यादव ने कहा कि अभी मैं छिंदवाड़ा से लौटकर आया हूं। वे वहां वायुसेना के शहीद जवान विक्की पहाड़े के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि शहीद जवान के परिजनों को एक करोड़ रुपए और उनकी पत्नी को नौकरी दी जाएगी।

# कांग्रेस ने लाहौल-स्पीति व बड़सर में घोषित किए उम्मीदवार

वार्ता शिमला
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद लाहौल-स्पीति और बड़सर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। लाहौल-स्पीति से अनुराधा राणा और बड़सर से सुभाष चंद को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर रविवार रात उम्मीदवारों की सूची जारी हुई है। कांग्रेस ने दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के चयन में पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी है। दोनों उम्मीदवार कांग्रेस से ग्रास रूट से जुड़े हैं। अनुराधा राणा वर्तमान में लाहौल-स्पीति जिला परिषद की अध्यक्ष हैं। वहीं सुभाष चंद भी जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष हैं। लाहौल-स्पीति में कांग्रेस की अनुराधा राणा का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के रवि ठाकुर से होगा। इसी तरह बड़सर में कांग्रेस के सुभाष चंद की टक्कर भाजपा के इंद्रदत लखनपाल से होगी। रवि ठाकुर और इंदद्रत लखनपाल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीत कर विधायक बने थे। कांग्रेस की ओर से अब धर्मशाला सीट पर उम्मीदवार घोषित किया जाना बाकी है। दूसरी तरफ भाजपा सभी छह सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है। भाजपा ने जहां बगावत करने वाले कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने सुजानपुर और गगरेट सीटों पर भाजपा से जुड़े रहे नेताओं पर दांव खेला है। बता दें कि कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य ठहराने के बाद सूबे की छह सीटों बड़सर, लाहौल स्पीति, धर्मशाला, गगरेट, कुटलैहड़ और सुजानपुर में उपचुनाव हो रहे हैं। प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस के नेता लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मतदान में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रकिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि इच्छुक उम्मीदवार 17 मई तक नाम वापस ले सकेंगे।

# हिसार से कांग्रेस, जजपा प्रत्याशियों ने पर्चा भरा

एजेंसी हिसार
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के लिये हरियाणा में नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश और जननायक जनता पार्टी प्रत्याशी नैना चौटाला ने पर्चा भरा। जयप्रकाश के नामांकन भरने से पहले कांग्रेस ने रोड शो किया। इस मौके पर हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान मौजूद थे। उधर, जजपा प्रत्याशी नैना के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा आदि शामिल थे। नामांकन दाखिल करने से पहले जजपा ने एक जनसभा और रोड शो भी किया।

# चन्नी को यादव का जवाब, कांग्रेस के 'कायरपन' के कारण देश ने सहीं हजारों हत्याएं

एजेंसी छिंदवाड़ा
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में वायु सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले को 'भाजपा का स्टंट' बताने के पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के कथित बयान पर पलटवार करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के 'कायरपन' के कारण ही देश ने हजारों हत्याएं सहन की हैं। डॉ यादव इस हमले में शहीद हुए मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के जवान विक्की पहाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके गांव पहुंचे थे। चन्नी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ यादव ने कहा कि सेना की शहादत पर कांग्रेस के भाव गलत है। कम से कम सेना को राजनीति से अलग रखना चाहिए। कांग्रेस सरकार के दौर में देश ने 40 हजार हत्याएं सहन की है और हजारों बहनों को मंगलसूत्र खोने पड़े। सेना ने पुरुषार्थ, पराक्रम करके एक बार नहीं, दो-दो बार देश का मान बढ़ाया। इसी कारण से पूरे देश से आतंकवादी घटनाएं खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद संभालने के पहले कांग्रेस के नेता कहते थे, आतंकवादी आ रहे हैं, पाकिस्तान से, हम क्या करें? हमारे बस की बात नहीं है। हम पाकिस्तान से बात करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 'लातों का भूत' है, जो बातों से नहीं मानता। उनसे क्या बात करेंगे। उनको घर में घुसकर मारना पड़ता है। दो-दो बार आतंकवादियों को मार के आये तो ये घटनाएं नियंत्रण में आईं। आतंकवाद की जड़ धारा 370 को समाप्त करके। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे देश में शांति और भाईचारा का जो वातावरण बना है उसमें सबसे बड़ा कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

# दिया कुमारी अब हिमाचल प्रदेश में करेंगी लोकसभा चुनाव प्रचार

वार्ता जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र के बाद अब मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी। दिया कुमारी मंगलवार को जयपुर से शिमला लोकसभा क्षेत्र के नाहन पहुंच कर भाजपा उम्मीदवार सुरेश कुमार कश्यप के पक्ष में जनता से मतदान की अपील करेंगी। इससे उन्होंने रविवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के पक्ष में नारी सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है जो एक ऐतिहासिक कदम है। इससे पहले दिया कुमारी ने महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल और बारामती से उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के पक्ष में प्रवासी राजस्थानियों से वोट देने की अपील की। दिया कुमारी ने राजस्थान में भी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में पच्चीस से ज्यादा सभाओं, एक दर्जन रोड शो और छह नामांकन रैलियों में शिकरत की।

# श्रीलंका और फिलीपीन्स के डेलीगेशन ने देखी मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की सभी प्रक्रियाओं को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों को समझने श्रीलंका और फिलीपीन्स का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आया हुआ है। इस इन्टरनेशनल डेलीगेशन ने भोपाल में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दौरान डेलीगेशन के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को कलेक्टर सिंह एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी गयी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।

# पुंछ आतंकवादी हमला: पुलिस ने किए दो स्केच जारी, पता बताने वाले को मिलेग 20 लाख रुपये का इनाम

एजेंसी जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिये सघन तलाशी अभियान के बीच केन्द्रशासित प्रदेश पुलिस ने सोमवार को दो आतंकवादियों का स्केच जारी किया और इनका पता बताने वाले को 20 लाख रुपये के इनाम देने की घोषणा तथा पहचान गुप्त रखने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों के एक समूह ने चार मई को पुंछ जिले के मेंढर-सूरनकोट इलाके में भारतीय वायु सेना के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें वायु सेना के जवान विक्की पहाड़े शहीद हो गये और सेना के अन्य चार जवान घायल हो गये थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमले के बाद से सघन तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने कहा कि दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए गये हैं और आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में जानकारी साझा करने वाले व्यक्ति को 20 लाख रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की गयी है तथा आतंकवादियों के बारे में बताने वाले व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की जाएगा। पुलिस ने बताया कि हमले के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिये कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने कहा, हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है।

# जलाशय में डूबने से दो बच्चों की मौत

**हिसार।** हरियाणा में हिसार के सेक्टर 1-4 के बड़े जलाशय में डूबने से दो बच्चों की मृत्यु हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भगत सिंह नगर के गौरव और कृष्ण नामक बच्चे तीन मई से लापता बताये जाते थे और सोमवार को उनके शव एक जलघर के टैंक से बरामद हुये। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यह डूबने से मृत्यु का मामला नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से वास्तविकता का पता चलने की संभावना है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पायेगी।

## फोटोयुक्त 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में नौ संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 77 लाख 52 हजार 583 मतदाता मतदान करेंगे। राजन के अनुसार सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। राजन ने बताया कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना मतदान कर सकेंगे।

## मध्यप्रदेश में मतदान केंद्रों के लिये मतदान दल रवाना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि जिन 09 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में कल 7 मई को मतदान है, वहां के लिए मतदान दल रवाना हो गये हैं। राजन ने बताया कि गर्मी को देखते हुए मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों में छाया, पानी, दवाइयों के साथ ही आईसीयू भी स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि दतिया, ग्वालियर, सागर, गुना और सीहोर के साथ ही अन्य जिलों में कर्मचारियों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ के साथ आईसीयू स्थापित किया गया है। ग्वालियर में मतदान दल के सभी सदस्यों को वेलकम और मेडिकल किट भी दी गयी है। इसमें जलजीरा, स्नेक्स, पानी का बोतल और जरूरी दवाइयां है। राजन ने बताया है कि मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम किए गये हैं। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थायें की गई हैं। सात मई को प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान होगा। इसमें भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

# डिश टीवी अपने सभी ग्राहकों को अब देगा? ओटीटी सेवाएं

वार्ता जयपुर
www.dailypioneer.com




डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल करते हुए 'डिश टीवी स्मार्ट प्लश सर्विसेज' की घोषणा की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव यह घोषणा की है। यह शुरुआत इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। डिश टीवीस्मार्ट प्लश सर्विसेज के साथ सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। डिश टीवी स्मार्ट प्लश पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं के साथ भी सहयोग करेगा।

# एबीवीपी ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्राचार्य का घेराव

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य का विभिन्न मांगों के समर्थन में घेराव किया। अजमेर में एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आसुराम डूकिया के नेतृत्व में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को मांग का ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष मोनू प्रजापति ने बताया कि प्राचार्य को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें मुख्य मांगें, सालों से बंद पड़े हुये बॉयज हॉस्टल को पुनः शुरू करवाने, महाविद्यालय परिसर में पानी की उत्तम व्यवस्था करने,गर्ल्स हॉस्टल 2300 मेस मैनी निःशुल्क कर महिला गार्ड, लाइब्रेरी में एयर कंडिशन और वाईफाई लगवाने, सालों से बंद स्विमिंग पूल को पुनः शुरू करवाना है। साथ ही विद्यार्थियों के लिये महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क फोटोकॉपी मशीन एवं ई-मित्र लगवाने की मांग है। एबीवीपी ने महाविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा कि अगर मांगे जल्द से जल्द पूरी नहीं होती हैं, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान लक्ष्यराज सैनी अभिषेक रावत अश्विनी वैष्णव प्रतीक रामकिशोर अमित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में आग के चलते ठप हेली सेवा तीसरे दिन शुरू

**नैनीताल।** उत्तराखंड में वनाग्नि का दुष्प्रभाव लोगों के जीवन पर भारी पड़ता जा रहा है। आवाजाही प्रभावित हो रही है। आग के चलते पहाड़ों में हवाई सेवा पर भी असर पड़ा है। हल्द्वानी से दो दिन बाद सोमवार को चंपावत और पिथौरागढ़ के लिये हेली सेवा शुरू हो पायी। सीमांत धारचूला के लिये आज भी हेलीकाप्टर ने उड़ान नहीं भरी। हल्द्वानी के उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा के अनुसार वनों में आग के चलते पहाड़ों में काफी धुआं छाया हुआ है। इससे विजिविलिटी पर असर पड़ा है। इसके चलते हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ और धारचूला के लिये संचालित होने वाली हवाई सेवा दो दिन ठप रही। उन्होंने कहा कि आज पिथौरागढ़ और चंपावत के लिये हेली सेवा पुनः शुरू हो गयी है लेकिन धारचूला के लिये हवाई सेवा अभी शुरू नहीं हो पायी है। इससे चंपावत और पिथौरागढ़ के लोगों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर पिथौरागढ़ के गुंजी में कुछ लोग हवाई सेवा के विरोध पर उतारू हैं। इन लोगों का मानना है कि हवाई सेवा शुरू होने से उच्च हिमालयी क्षेत्र में लोगों के रोजगार पर असर पड़ा है।

# पति ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रची अपनी ही पत्नी की हत्या की साजिश

## शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरी में भरकर फेंका सड़क पर, 24 घंटे के अंदर हुआ अंधे कत्ल का खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम तितुरगहन में बोरी के अंदर एक महिला के शव को मारकर सड़क पर फेंके जाने मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। 24 घँटे के भीतर अंधे कत्ल का खुलासा पुलिस ने किया। आरोपी और कोई नही मृतिका का पति है, जिसने अपने दोस्त के मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। और फिर हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरी में भरकर सड़क पर फेंक दिया था। बताया गया ही कि पूर्व में भी दोनों आरोपी हत्या के प्रकरण में सजा काट चुके है। मामले के खुलासा एडिशनल एसपी अशोक जोशी ने जिला मुख्यालय बालोद के कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। एएसपी अशोक जोशी ने बताया कि 4 अप्रैल को अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरी में भरकर सनौद-गुरूर मुख्य मार्ग पर ग्राम तितुरगहन में सड़क पर फेंक दिया था। प्रार्थी रामगोपाल देवदास के रिपोर्ट पर सनौद थाने में मर्ग एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में, एसपी एसआर भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार बागड़े के पर्यवेक्षण व सनौद थाना प्रभारी दुलार सिंग यादव एवं प्रभारी सायबर सेल जोगेंद्र साहू के नेतृत्व में अलग-अलग टीम का गठन किया गया।

**त्रिनयन एवं सायबर तकनीकी की सहायता से की जानकारी इकट्ठा-** प्रकरण में थाना सनौद के अपराध क्रमांक 90/2024 धारा 302, 201, 120(बी) भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया गया। प्रकरण में विशेष टीम के द्वारा क्षेत्र के त्रिनयन एवं सायबर तकनीकी की सहायता से आरोपियों के संबंध में जानकारी इकट्ठा किया गया। इसी आधार पर आरोपी ग्राम रमतरा निवासी मृतिका का पति खिलावन साहू पिता लालजी साहू (42 वर्ष) एवं धमतरी जिले के ग्राम रामपुर निवासी डीसूराम साहू पिता तिहारू राम साहू (60 वर्ष) से घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन, मृतिका का मोबाईल, पर्स, घटना में प्रयुक्त पत्थर को विधिवत् जप्त किया गया। इस प्रकार घटना घटित होने के 24 घंटे के



अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त प्रकरण में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में प्रमुख रूप से सायबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू, थाना प्रभारी दुलार सिंग यादव, सहायक उप निरीक्षक नंदकुमार साहू, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, प्रधान आरक्षक विवेक शाही, आरक्षक संदीप यादव, आकाश दुबे, मिथलेश यादव, महिला आरक्षक बिन्तेश्वरी साहू, आरक्षक राहुल देव गजपाल, चन्द्रशेखर यादव, जितेन्द्र साहू, टिकेश साहू, गौकरण यादव, भुपेन्द्र साहू, किरण यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**पति पत्नी के बीच होती थी आए दिन मारपीट-** एएसपी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रकरण में अज्ञात मृतिका के शव का पहचान पश्चात ग्राम रमतरा में मृतिका के पति खिलावन राम साहू (42 वर्ष) से बारिकी से पूछताछ किया गया। काफी पूछताछ के पश्चात खिलावन ने अपने बयान में बताया कि वर्ष 2001 में अपने फुफुदीदी के हत्या के प्रकरण में सजा होने पर सेंट्रल जेल रायपुर गया था, वहां पर पहले से मौजूद कैदी ग्राम रामपुर निवासी डीसूराम साहू जो हत्या के मामले में था, जिनसे मुलाकात हुआ था। दोनों कैदी होने से आपस में जान पहचान हो गया था। वर्ष 2009 में जेल से छुट कर खेती मजदूरी का काम करता था। शादीशुदा बाल बच्चे वाला होने के बावजूद वर्ष 2012 में गांव में पड़ोस की रहने वाली भेश्वरी उर्फ छोटी साहू के साथ दूसरा विवाह किया था। विवाह पश्चात् मृतिका भेश्वरी के तरफ से 03 बच्चे हैं। शादी के कुछ वर्ष ठीक रहने के पश्चात दोनों पति पत्नी में आये दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट होता रहता था। इसी बात से तंग होकर विगत 02 वर्ष पूर्व अपने दोस्त डीसूराम साहू निवासी रामपुर के साथ मिलकर मृतिका भेश्वरी की हत्या करने का योजना बनाये, इसी योजना के तहत मृतिका का पति खिलावन साहू ने मृतिका का 3 लाख रुपये का बीमा कराया था और अपने दोस्त डीसूराम साहू से दोनों हत्या कर बीमा की राशि को आपस में बराबर-बराबर बांटने के लिये इकरार हुआ था।

**पिलाई शराब फिर पत्थर को सीने में पटककर की हत्या-** एएसपी अशोक जोशी ने बताया कि तब मृतिका के पति खिलावन ने अपने दोस्त डीसूराम को विश्वास में लेकर मृतिका भेश्वरी साहू की हत्या करने के लिए अपने दोस्त डीसूराम को नियुक्त किया और दोनों योजनाबध्द तरीके से 4 अप्रैल को आरोपी का दोस्त डीसूराम ने फोन के माध्यम से मृतिका को धमतरी बुलाकर, धमतरी बस स्टैंड से अपने दोपहिया वाहन टीव्हीएस एक्सल में बैठाकर अपने गांव रामपुर ले जाकर अपने खेत में लेकर गया। वहां पहले से खरीदे गये शराब को मृतिका को पिलाकर नशा होने पर मृतिका के मुंह, नाक को दबाकर बेहोश कर दिया एवं पत्थर से उसके सीने में पटककर हत्या कर दिया। हत्या करने के पश्चात् डीसूराम साहू ने फोन करके खिलावन को बताया कि वह उसकी पत्नि भेश्वरी की हत्या अपने खेत में कर दिया है, तो पति खिलावन साहू ने मृतिका के शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरी में भरकर अपने गांव के तरफ लाने के लिये बोला। तब आरोपी डीसूराम साहू ने एक पीले हरे रंग के यूरिया के बोरी में मृतिका के शव को भरकर वायर से बांधकर अपने वाहन टीव्हीएस चैम्प एक्सल में सामने टंकी और सीट के बीच खाली जगह में रखकर रामपुर से सनौद होते हुए खिलावन के गांव जा रहा था कि सनौद गुरूर मार्ग में तितुरगहन के आगे बहुत आदमी खड़े होने से पकड़े जाने के डर से तितुरगहन गांव के पास सड़क में फेंककर वापस अपने गांव रामपुर आ गया। मृतिका का मोबाईल एवं पर्स तथा टीव्हीएस गाड़ी को अपने घर में छुपाकर रखा था।

# सेजेस बड़ेराजपुर में दिया गया तनाव प्रबंधन पर दक्षता प्रशिक्षण : सी.एल. मरकाम



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के बड़ेराजपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बड़ेराजपुर 6 मई दिन सोमवार को में प्राचार्य सी.एल. मरकाम के नेतृत्व तथा जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोंडागांव आदित्य चांडक के मार्गदर्शन में व सरपंच रामसाय मरकाम, वरिष्ठ नागरिकों व छात्र छात्राओं की उपस्थिति में प्राचार्य सी.एल. मरकाम.के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के समक्ष परीक्षा पूर्व मानसिक तनाव को दूर करने परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के बारे में बतलाया गया। प्राचार्य के द्वारा छात्र छात्राओं को बताया गया कि हमें परीक्षा से पूर्व तनाव नहीं रहना चाहिए बल्कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में तनाव रहित होकर परीक्षा देना चाहिए, व कभी भी परीक्षा परिणाम से निराश नही होकर अपनी। कमियों को उबारते हुए हमेसा आगे कैसे बड़ा जाए इस भाव के साथ निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा परिणाम से निराश होकर आत्महत्या जैसा कदम कोई विकल्प नहीं है। असफलता के बाद सफलता निश्चित है। भावावेश में कोई भी आत्महत्या जैसे कदम ना उठायें। अपनी परेशानी साझा करें, आपकी जिंदगी अनमोल है, खुदकुशी जैसे कदम के बारे में सोचें भी नहीं। इस अवसर पर एच. एल. ध्रुव, मोहन खूबचंदानी, सी.एस. साहू, रेखा साहू, तिलक दास, गजेंद्र कुलदीप, पुष्पांजलि, आलिया, कीर्तन निषाद, निशांत सेनापती, पारस सिंग, नागेंद्र, पायल, करिश्मा, प्रियंका, पवन पात्र, सुष्मिता बोस स्कूली छात्र छात्राओं सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# बादल अकादमी में विकासखण्ड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आसना स्थित बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) में विकासखण्ड स्तरीय ईसीसीई के तहत बालवाड़ी के शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के पहले कार्यक्रम में 3 से 5 मई तक जगदलपुर विकासखण्ड के बालबाड़ी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य 5 से 6 साल तक के बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा देने हेतु दिया जा रहा है। इसके अलावा 6 मई से 8 मई तक विकासखण्ड बस्तर और विकासखण्ड बकावण्ड के बालबाड़ी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना, जगदलपुर में प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से सांय 05:30 बजे तक दिया जा रहा है।

# पति के गैर मौजूदगी में पीड़िता को शराब पीलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पखांजूर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

5 मई को पीड़िता थाना में आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि रिपोर्ट दिनांक से तीन माह पूर्व आरोपी गौतम विश्वास पिता सुकूमार विश्वास निवासी पीव्ही 07 छोटेकापसी के द्वारा पीड़िता को शराब पीलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया, इसके बाद आरोपी पीड़िता को ब्लेकमेल कर पूर्व में किये घटना को पीड़िता के पति को बता दूंगा बोलकर खेत में बुलाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाकर शोषण किया है, पीड़िता अपने साथ हो रहे शारीरिक शोषण से परेशान होकर हिम्मत करने अपने पति को घटना के संबंध में बताने पर पति के द्वारा रिपोर्ट करने



बोलने पर पीड़िता थाना आकर लिखित में रिपोर्ट दर्ज करायी, पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पखांजुर में अपराध क्र. 84/2024 धारा 376 (2) (n) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के. एलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर प्रशांत शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजुर तथा थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में थाना से टीम गठित कर आरोपी का पता तलाश किया गया जो पुलिस से बचने के लिए लुक छिप रहा था जिसे घेरा बंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबुल करने से आरोपी गौतम विश्वास पिता सुकूमार विश्वास निवासी पीव्ही 07 छोटेकापसी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी की पतासाजी करने में निरीक्षक लक्ष्मण केवट, उपनिरीक्षक, रामचन्द्र साहू, तरूण कुमार माइती, म.प्र. आर. उमित्रा मण्डावी, आर.क्र. 800 महेश दरों का योगदान रहा।

# दसवीं बोर्ड में फिर छात्राओं ने मारी बाजी त्रितिक्षा प्रथम और पलक माकन द्वितीय स्थान पर

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com




आई सी एस सी 10 वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के वार्षिक परिणाम सोमवार को सुबह 11 बजे घोषित कर दिए गए जिसमे किरंदुल स्तिथ प्रकाश विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। घोषित परिणामों में किरंदुल की छात्रों ने एक बार पुनः बाजी मारते प्रवीणता सूची में अपना नाम दर्ज किया। प्रकाश विद्यालय किरंदुल की छात्रा त्रितिक्षा बघेल ने 90.4 अंक हासिल कर प्रथम स्थान ग्रहण किया वंही पलक माकन ने 88.2 अंक अर्जित कर दूसरे स्थान पर रही बताया जा रहा है कि सभी विषयों के अंकों के आधार पर पलक माकन ओवर आल टोपर रही। वंही सूर्याप्रकाश 85.6 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। शाला प्राचार्य फादर फिलिप अब्राहम ने बताया कि इस दफा कुल 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था जिसमे 39 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीज़न में उत्तीर्ण किया 2024 के 10 वीं बोर्ड के परिणामों में छात्राओं ने बाजी मार कर नगर और अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रय विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों को दिया है।

## तापमान की अधिकता के मद्देनजर भार वाहक पशुओं का 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपयोग प्रतिबंधित

**जगदलपुर।** जिले में माह मई व जून में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान भार वाहक पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी परिवहन करने से पशु बीमार हो सकते हैं अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण, परिवहन एवं कृषि उपयोगी पशुओं पर पशु क्रूरता निवारण नियम 1965 के अनुसार बस्तर जिले के सीमा अंतर्गत पशुओं के सहायता से चलने वाले समस्त साधन जिसमें भारवाहन या सवारी परिवहन का कार्य किया जाता है। ऐसे पशुओं का दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तत्काल प्रभाव से आगामी 30 जून 2024 तक भारवाहन या सवारी परिवहन हेतु उपयोग पर प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा ।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन बादल अकादमी में

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर एकेडमी आफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) में 01 मई से 30 मई तक एक माह का ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में विभिन्न विधाओं को सिखाया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग विधाएं हल्बी भाषा, गोंडी भाषा, गायन, वादन, हस्तकला, डांस, चित्रकला और नाटक सिखाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन शिविर सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक अलग-अलग गतिविधियां सिखायी जा रही हैं। शिविर में प्रशिक्षणार्थी अलग-अलग गांव और शहर से बच्चे बड़े उत्साह से सीख रहे हैं और काफी लाभान्वित भी हो रहे हैं।





# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा बच्चों को करवाया जा रहा है विभिन्न गतिविधियां



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल राय कैम्प स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रीष्मकालीन में भी बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता मांडवी द्वारा विभिन्न गतिविधियों को माध्यम से शिक्षा दिया जा रहा हैं। जिसमें बाल विकास और मनोविज्ञान, बच्चों के लिए गीत और कविताएं, संतुलन आहार की अवधारणा के साथ खाद्य और पोषण की जानकारी एवम अन्य विषयों की शिक्षा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दी जा रहीं हैं। साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार भी दिया है।

# एएम, एनएस इंडिया के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से 123 ग्रामीण हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एएम/एनएस इंडिया कम्पनी किरंदुल द्वारा हिरोली उपकेंद्र के समलवार ग्राम पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की नि शुल्क पैथोलॉजिकल जांच और प्राथमिक उपचार करने के साथ ही मुफ्त दवाईयों का वितरण भी किया गया। रविवार को आयोजित हुए इस निः शुल्क



स्वास्थ्य जांच शिविर से लगभग 123 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। इस स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी किरंदुल की टीम के साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य कर्मचारी एवं समलवार ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी लगातार स्थानीय आदिवासी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग और असहाय लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अधिक आसान और सुलभ हो सके। एएम/एनएस इंडिया के इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार को बढ़ावा देने के साथ ही एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समानता को बढ़ावा मिले साथ ही लोगों के जीवनस्तर में सुधार हो सके।

# नगर पालिका के विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त करने वाली ट्रक मालिक से वसूला गया जुर्माना की राशि



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गाडर पुल नव निर्मित ऑक्सीजॉन पार्क के पास डिवाइडर में लगे 2 विद्युत पोल को वाहन क्रमांक सी.जी. 04 जे.सी. 3695 से क्षतिग्रस्त हो गया था नगर पालिका अधिनियम 1961 में निहित धाराओं के तहत वाहन मलिक गुणवीत सिंह से 35763 रूपए जुमार्नी के रूप में नगर पालिका में जमा कराया गया एवं भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए निर्देशित किया गया।

# सेलेक्टेड सॉइल के बजाय डाला जा रहा बोल्डरयुक्त मटेरियल

## शिकायत के बाद भी ठेकेदार बेखौफ,मामला–करोड़ों रूपये के चल रहे सड़क निर्माण का

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग द्वारा श्यामतराई से संबलपुर तक सड़क निर्माण में जिस प्रकार लापरवाही बरती जा रही है, उसे लेकर शहर के नागरिकों ने चिंता जाहिर करते हुए अनेकों बार इस ओर शासन और प्रशासन का ध्यान लगातार आकर्षित कराया। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि राजधानी में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण पश्चात सड़क निर्माण पश्चात सड़क के दोनों तरफ शोल्डर (साईड रोड) में एस्टीमेट के अनुसार ढाई मीटर सेलेक्टेड सॉईल डालकर उसमें रोलर चलाया जाना था। लेकिन ठेकेदार द्वारा सेलेक्टेड के नाम पर बड़े-बड़े बोल्डरयुक्त मटेरियल डालकर उसमें रोलर चला रहा है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिले में बैठे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को नहीं है, लेकिन जानकारी के बाद भी ये लोग न ठेकेदार पर कोई कार्यवाही कर रहे हैं और न ही ऐसे गुणवत्ताहीन कार्यों पर रोक लगा रहे हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त कार्यों में संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी सहित उप अभियंता का भी ठेकेदार को खुला संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत से नियम विरूद्ध साईड शोल्डर का काम करवाया जा रहा है। संवाददाता ने जब इस संबंध में पीडब्ल्यूडी वरिष्ठ अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की तो उनका कहना था कि साईड शोल्डर में डलने वाले सेलेक्टेड सॉइल के नाम पर जो मटेरियल संबंधित ठेकेदार द्वारा डाला गया है वह पूरी तरह गलत है। इस संबंध में संबंधित ठेकेदार को बता दिया है और इस मटेरियल का उपयोग नहीं होगा। लेकिन देखा जा रहा है कि वही मटेरियल सड़क के दोनों ओर बिछाकर उसमें रोलर चलाने का कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जिससे इस बात को समझा जा सकता है कि ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य में किस तरह बेखौफ कार्य कर


कुंभकरणी नींद से जागा लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित ठेकेदार
करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी
इस्टीमेट दरकिनार-अधिकारी, ठेकेदार की मिलीभगत से हो रहा करोड़ों की सड़क का निर्माण
सरकार की फजीहत करने पर तुला ठेकेदार, निर्माणाधीन सड़क, लोनिवि को दिखा रही आईना, कार्य स्थल पर कहीं भी नहीं लगाया गया सूचना बोर्ड
लोनिवि के अधिकारी कर रहे ठेकेदार को क्लीनचिट देने का असफल प्रयास
मेसर्स मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाई गई सड़क, कुछ ही माह में हुई जर्जर

रहा है। श्यामतराई से संबलपुर तक वर्षों बाद सड़क का डामरीकरण कार्य करोड़ों रूपये की लागत से करवाया जा रहा है। इसका एस्टीमेट पूर्ववर्ती सरकार के समय बनाया गया था। लेकिन इस सड़क का भाग्य नई सरकार के बैठने के बाद चमका जिसके द्वारा लोनिवि के एस्टीमेट को स्वीकृति देकर प्रारंभ करवाया गया। लोनिवि के अधिकारी एवं ठेकेदार ने मिलकर जब यह काम प्रारंभ करवाया तब इसमें नियमानुसार कार्य, लागत, निर्माण कार्यों से संबंधित सूचना बोर्ड नहीं लगाया। पॉयनियर की खबर के पश्चात विभाग नींद से जागा और प्रथम चरण के कार्य समाप्ति पश्चात सूचना बोर्ड लगाया गया। इस सड़क के निर्माण में भारी कोताही बरती गई है जिसके कारण इसमें चलने वाली वाहन हिचकोले खाती नजर आ रही है। जगह-जगह से यह रोड पिघलने लगा है जिसे समाहित करने के उद्देश्य से ठैकेदार द्वारा साईड शोल्डर में बड़े-बड़े बोल्डरयुक्त मटेरियल को पटक दिया गया है और इसका उपयोग भी साईड शोल्डर में किया जा रहा है जिससे कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। शहर के जागरूक नागरिकों को एक बात आज तक समझ नहीं आई कि आखिर अधिकारियों का ऐसा कौन सा नुस्ख ठेकेदार के पास है जिसके चलते निर्माण कार्यों में कोताही को रोकने का दुस्साहस इन अधिकारियों ने अब तक नहीं दिखाया है। और तो और जब इसे लेकर जागरूक नागरिकों ने आवाज उठाई तो इसे दबाने के लिये लोनिवि के अधिकारी जनसंपर्क विभाग में जाकर अपने पक्ष में समाचार छपवाकर अपनी ढपली, अपना राग अलाप रहे हैं। बताया जाता है कि जागरूक नागरिकों ने सड़क निर्माण के पूर्व बेसकोट डाले जाने के नियम को दरकिनार किया। साथ ही बिना साफ सफाई के उक्त रोड को रात में बनाने का काम शुरू किया जिसकी परिणति आज देखने को मिल रही है जब रायपुर रोड स्थित पुराना ट्रेफिक कार्यालय से लेकर टिंबर भवन तक का सड़क साईड से कट-कट गई है। हालांकि यह कटाव वाहनों के चलने से हो रहा है। यदि सड़क निर्माण के तुरंत बाद साईड शोल्डर का कार्य पूर्ण किया जाता तो यह कटाव नहीं होता। जब सड़क की सूरत बदल गई है तब उसमें साईड शोल्डर का कार्य करवाया जा रहा है। देरी से होने वाले इस कार्य से सड़क जगह-जगह से दरक गई है और अब उसे बचाने साईड शोल्डर में सेलेक्टेड सॉईल के नाम पर बड़े-बड़े बोल्डरयुक्त मटेरियल डाला जा रहा है जिससे वाहनें यदि इस बड़े-बड़े बोल्डरयुक्त मटैरियल के ऊपर से गुजरती है तो इसमें वाहनों के स्लीप होने के साथ साथ दुर्घटना का भय बना रहेगा। सड़क निर्माण कार्य से लेकर साईड शोल्डर के निर्माण तक इस सड़क निर्माण में कोताही बरती जा रही है। अधिकारी इस निर्माण को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। ठेकेदार को अधिकारी मानो पूरी छूट दे रखे हैं, तभी तो शुरू से आखिर तक होने वाले कार्य में अनियमितता के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना अनेक संदेहों को जन्म देता है। इस सड़क के निर्माण को लेकर बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हैं। शासन का संचार माध्यम के रूप में चलने वाले विभाग जनसंपर्क से शहर के नागरिकों की उठती आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है जबकि जिला प्रशासन को इसमें संज्ञान लेना चाहिये था। शासन के नियमानुसार करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित होने वाले जल संसाधन विभाग, लोनिवि, आरईएस विभाग, सेतु निगम विभाग जैसे विभागों के भारी भरकम कार्य के लिये गुण नियंत्रण विभाग जिसे क्वालिटी कंट्रोल भी कहा जाता है, उसके द्वारा ऐसे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को समय समय पर मापने के लिये जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन देखा जा रहा है कि उपरोक्त विभागों के गुण नियंत्रण विभाग में बैठे अधिकारी ऐसे निर्माण कार्यों के प्रति जरा भी मुस्तैद नहीं हैं जिसके कारण उपरोक्त कार्यों से नदारद अधिकारियों, ठेकेदारों के बजाय उनके मेट, टाईमकीपर इन करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यों को करवा रहे हैं। खबर तो यह भी है कि इन दिनों शासकीय विभागों के उपरोक्त विभागों में टेंडर लेकर ठेकेदार उसे पीसवर्क के रूप में भी देते आ रहे हैं जबकि इसकी स्वीकृति संबंधित विभाग से नहीं ली जाती। इस तरह नियम विरूद्ध होने वाले कार्य को लेकर राजधानी में बैठे जिम्मेदार अधिकारी कभी भी स्थल आकर उक्त कार्यों का जायजा नहीं लेते। श्यामतराई से संबलपुर तक बनने वाली डामरीकृत सड़क निर्माण में भी यही सब भर्राशाही हो रही है। इस संबंध में राजधानी में बैठे कुछ अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने चुनाव कार्यों में अपनी व्यस्तता बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया। जागरूक नागरिकों ने कहा है कि सड़क निर्माण में जिस प्रकार लोनिवि के अधिकारियों ने ठेकेदार को खुली छूट देकर छोड़ दिया है उससे आने वाले समय में नागरिकों को एक बार फिर दो-चार होना पड़ेगा।

# कलेक्टर-एसपी ने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के सभी मतदाताओं से मतदान तिथि मंगलवार 7 मई 2024 को मतदान केन्द्र में जाकर बिना किसी भय, लोभ व लालच के निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की यह परम्परा रही है कि यहां के मतदाताओं ने पूर्व में हुए सभी निर्वाचनों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आपका मतदान बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए ही नहीं अपितु प्रदेश एवं देश के लिए मिसाल बनेगा। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति आम नागरिक का वोट है, इसलिए अपने कर्तव्य का पालन जरूर करें। लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व होता है। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं लोकतंत्र के उत्सव का हिस्सा बने। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सभी जिलेवासियो से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होने कहा की सुरक्षा के साथ इस बार मतदाताओं के सुविधाओं का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। आप सभी निश्चित होकर मतदान केंद्र तक जाएं एवं मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान प्रदान करें। मतदाताओ के लिए पेयजल सहित ओआरएस तक की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही सभी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल.चौहान के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान एवं मतदाताओं, युवाओं को रिझाने के उद्देश से स्पेशल स्पेशल हैश टैग जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के आम मतदाता वोट देने के पश्चात अपना फोटो या सेल्फी लेकर लिखकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं एक्स (ट्विटर) में अपलोड कर सकते है। कलेक्टर के.एल.चौहान ने सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। इसके साथ अपने अंगुली के फोटो के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में फोटो अपलोड करने का आग्रह किया है।

# पुलिस एवं कलेक्टर द्वारा जिला बदर कार्यवाही किये गये आदतन आरोपी को सट्टा पटटी लिखते किया गया गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर एवं आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा सामाजिक बुराईयो के कार्य में सलिप्त आरोपी की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 01.05.2024 को थाना भाटापारा ग्रामीण से सउनि ईश्वर टोप्पो, प्रआर प्रवीण पाण्डे आरक्षक गौरीशंकर कश्यप की पुलिस टीम द्वारा ग्राम तरेंगा हाईस्कुल के सामने आरोपी अपने वाहन क्र. सीजी-22 जे 6439 के अंदर गांव के भोली-भाली जनता को सट्टा पटटी नाम जुआ खिलाने वाले तथा जिला बदर कार्यवाही किये गये आरोपी संजय साहू को मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 03 नग मोबाईल, वाहन क्रमांक सीजी-22 जे 6439 तथा एक डाट पेन सट्टा पट्टी कागज 02 प्रति, 11 प्रति वाटसप इनकमिंग स्क्रीन सॉट तथा नगदी रकम 5020 किया गया जप्त। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्रमांक 237/2024 धारा छत्तीसगढ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 ,15 तथा अपराध क्र. 238/2024 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की 2022 की धारा 6,7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# तरपोंगी में 7 दिवसीय निःशुल्क समर कैम्प चलाया जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




बच्चो के शारीरिक , मानसिक , बौद्धिक विकास एवं गर्मी छुट्टी की सदुपयोग के लिए आर्यन डांस ग्रुप कुंरा एवम विनय सेल्स एंड सर्विस के तत्वाधान में 7 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे तरपोंगी, मोहदा, सड्डू, निनवा, खैरखूट, सगुनी , देवरी से लगभग 120 बच्चे व पालक प्रतिदिन सम्मिलित हो रहे है, समर कैम्प में प्रतिदिन शिक्षक भीखम चंद साहू के द्वारा योग, आर्यन डांस ग्रुप कोमल देवांगन के द्वारा डांस , हर्ष पेंटर के द्वारा पेंटिंग का अभ्यास कराया जा रहा साथ मे बच्चो को नैतिक शिक्षा हेमंत निषाद एवम खुमान वर्मा के द्वारा मोटिवेशनल स्पीच दुष्यंत सोनी, ज्योतिष साहू , संजय यादव, संध्या महानंदे के द्वारा दिया जा रहा, बच्चो के साथ साथ नियमित रूप से तरुण वर्मा , शेषनारायण शर्मा , पोषण वर्मा, माखन यादव, संजय वर्मा, उमेश निषाद , विक्रम ध्रुव , धीरज भद्रा व अन्य बहुत से पालक की उपस्थिति रहती है।



**बलौदाबाजार।** भाटापारा जिले के दोनों लोकसभा अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र,बिलाईगढ़,कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए मतदान दलों को आज सुबह नवीन मंडी परिसर से मतदान सामग्री का किया जा रहा है वितरण। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने वितरण कार्यों का जायजा लिया।

# कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में एमपीएसएपी सहित पुलिस के जवानों के साथ रक्षित आरकेंद्र से निकलकर गार्डन चौक,बस स्टैंड के रास्ते होते हुए अंबेडकर चौक से बाजपेयी हॉस्पिटल,मंडी रोड,सदर रोड,दुर्गा चौक बस स्टैंड से वापस आरकेंद्र तक फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च से आम जनता को शांतिपूर्वक, निर्भीक होकर स्वच्छ मतदान का संदेश दिया गया तथा चुनाव के इस पर्व में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शांति व्यवस्था बनाने का सख्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधि नाग सहित विभिन्न थानों के टी.आई मौजूद रहे।

# राजिम विधायक कसडोल में छाए, विधायक के जनसंपर्क अभियान में जुटते रहे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



राजिम विधायक रोहित साहू आजकल कसडोल विधानसभा के दौरे में है वह भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पक्ष में धुआँधार प्रचार प्रसार का जिम्मेदारी सम्हालने के लिए विगत कई दिनों से कसडोल विधानसभा में जमे हुए हैं विधिवत चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रचार प्रसार थमने के पहले उन्होंने कसडोल विधानसभा के ग्राम सोनार देवरी सहित अनेकों गॉवों में दौरा कार्यक्रम के दौरान कहा है कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के साथ ही जांजगीर लोकसभा सीट से भाजपा की विजय होगी। आम जनता सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं में मोदी सरकार बनाने के लिए जबरदस्त उत्साह है । उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व सबको पसंद है। जनता कांग्रेस से ऊब चुकी है। देश में 55 वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया, लेकिन कांग्रेस की देन यह है कि भ्रष्टाचार के चलते देश गर्त में चला गया था, राष्ट्र की चिंता करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा है। उल्लेखनीय की साहू भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने कसडोल विधानसभा क्षेत्र का संघन चुनावी दौरा कर रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र की जवाबदारी सौपी गई है, जिसके तहत विधायक यहां के गांव गांव का दौरा कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायदा पूरी करने का गारंटी दिया था, इसी के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिला है, प्रधानमंत्री आवास 18 लाख स्वीकृत किए गए, किसानों का 21 क्विंटल धान 3100 में खरीदा गया, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को तीसरी किस्त उनके खाते में दे दी गई है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ का बेहतर विकास करेंगे यह तय है, गांव गरीब और किसानों के लिए केंद्र की सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्जवला गैस, किसान सम्मन निधि सहित 250 हितग्राही मूलक योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिला है, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से आम जनता में खुशी है। कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास का रोड मेंप तैयार है, बताया कि चुनावी दौरे में इस विधानसभा के पलारी, लवन, इत्यादि अनेक क्षेत्र के ग्रामीण केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों की तारीफ कर रहे हैं। जनता ही कह रही है विपक्ष कहीं मैदान में नहीं है।

### ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसभा ली

इस विधानसभा के अनेक ग्रामों में विधायक साहू ने जनसभा लेकर भाजपा की सरकार बनाने का अपील कर रहे हैं। ग्राम ओडान , अहिल्दा ,देवसुन्द्रा, लवन, बालसमुंद, मरदा , अमलीडीह, अमलकुंडा, टेमरी, बगार, परसदा, बगदेहीपारा लवन, कसडोल खरतोरा मैं सभा ली है। महतारी वंदन योजना के लाभांवित हितग्राहियों का भी विधायक सम्मान कर रहे हैं। शु वार को जांजगीर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के साथ भी विधायक साहू ने कार्य म में शामिल हुए। उनके साथ चुनावी दौरे में भाजपा गरियाबंद जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू इत्यादि उपस्थित है।

# पूर्व विधायक प. बंशराज तिवारी की स्मृति में निःशुल्क रोग निदान शिविर का हुआ सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





जिला बलौदाबाजार भाटापारा के एकमात्र सुपर स्पेशलिटी चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में अस्पताल के संस्थापक अधिवक्ता समाजसेवी कद्दावर नेता पूर्व विधायक स्व. प. बंशराज तिवारी की 99 वीं जन्मजयंती पर आयोजित 18 वें रोग निदान शिविर का सफ्ल आयोजन चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल सिटी कोतवाली के सामने बलौदाबाजार में हुआ जिसमें सैकड़ों मरीजों ने अपना उपचार कराया एवं स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया हॉस्पिटल के संचालक डॉ नितिन तिवारी ने बताया की बाबा जी की स्मृति में शिविर का आयोजन मेरे पिता डॉ प्रमोद तिवारी जी के द्वारा 2007 में प्रारम्भ किया गया था जिसे आज वृहत स्तर पर हमारे परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष 6 मई को किया जाता है । जिसमें स्त्रीरोग उदर रोग नेत्ररोग अस्थिरोग शिशुरोग दंत रोग कैंसर रोग समेत सामान्य रोगों की जाँच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई जिसमें कुल 360 मरीजों की सामान्य जाँच एवं आवश्यकता पड़ने पर 55 मरीजों का खून पेशाब जाँच, 34 मरीजों का एक्स रे,58 मरीजों की सोनोग्राफी, 10 मरीजों का ई सी जी निःशुल्क किया गया एवं सभी मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया हर्निया के 7 एवं हाइड्रोसील के 12 मरीजों का पंजीयन एवं खून जाँच करके 7 तारीख मतदान करने के बाद उन्हें 8 तारीख को सर्जरी के लिए बुलाया गया है डॉ गीतिकशंकर तिवारी ने कहा की इस शिविर का उद्देश्य उन मरीजों का उपचार करना है जो किसी कारणवश या पैसों की कमी से उपचार से वंचित रह जाते हैं वर्ष में एक दिन ऐसे मरीजों को शिविर के माध्यम से हम इलाज उपलब्ध कराने का एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं डॉ प्रमोद तिवारी ने शिविर में आए सभी सम्माननीय नागरिकों, जरूरतमंदों एवं उपचार कर रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया एवं आने वाले वर्षों में शिविर में और भी अन्य तरह की जाँच एवं अन्य बिमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की सुविधा बढ़ाने की बात कही । शिविर का आयोजन देवी देवताओं एवं स्व.प. बंशराज तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. चंदादेवी तिवारी जी के चित्र का माल्यार्पण एवं आरती कर किया गया जिसमें चेंबर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर, सेवानिवृत प्राचार्य एस म पाधेय, योगेश शुक्ला स्व.प. बंशराज तिवारी के पुत्र अशोक कुमार, डॉ प्रमोद, विनोद, विपिन पौत्र अभिषेक, डॉ नितिन, पुत्रवधु डॉ गीतिकशंकर, प्रपौत्र अचिन्त्य, धरुन, निवेद, कु. नितिका उपस्थित रहे। चिकित्सक डॉ नरेंद्र कर्ष, डॉ राहुल देव, डॉ ऋतिक रायजादा, डॉ आकांक्षा, रावेन्द्र शर्मा, मुकेश जैन, संजय पांडेय, दीपक बांधे, हरपाल बंजारे, बसंत वर्मा, खिलावन फेकर, महेंद्र कोतरे समेत सभी अस्पताल कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दीं।

# कलेक्टर ने किया मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश








पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होगा। दुर्ग जिले में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवानगी तीन अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। सामग्री वितरण केन्द्रों में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सुबह 7 बजे मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मतदान सामग्री वितरण स्थल मानस भवन, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज दुर्ग) का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान से संबंधित वितरण सामग्री, निर्धारित स्टॉलवार, समयावधि में वितरण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सामग्री प्राप्ति करने में किसी प्रकार की दिक्कते न हो। सामग्री प्राप्त कर मतदान सामग्री मिलान कर लिये दलों को रूट अनुसार वाहनों के माध्यम से संबंधित मतदान केन्द्रों तक पहुंचायी जाए। कलेक्टर ने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचरियों के लिए वाहन पार्किंग एवं वाहन व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आरटीओ को सभी बस ड्रायवरों को आवश्यक समझाईश देने की सलाह दी। कलेक्टर चौधरी ने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मतदान दलों को प्रातः 10 बजे तक रवानगी करने हरसंभव प्रयास करने कहा है। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं देवेश ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर एच.एस. मिरी, एसडीएम मुकेश रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भविष्य की ओर उन्मुख हुए परीक्षार्थी, और मनेंद्रगढ़ ने रच डाला इतिहास

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





देश भर में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित एनईईटी, यूजी अर्थात मेडिकल प्रवेश परीक्षा थी। मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की कोई परीक्षा हुई और परीक्षा का केंद्र चयनित किया गया शहर के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को, जहाँ कुल 543 परीक्षार्थियों की सीट आवंटित थी। परीक्षा का आयोजन बड़े ही व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक किया गया। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार से लेकर परीक्षा कक्ष तक की व्यवस्था उच्च सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर की गयी थी। इस ऐतिहासिक आयोजन में जिला प्रशासन तथा जिला पुलिस बल का भी भरपूर सहयोग रहा। किसी भी परीक्षार्थी को किसी तरह कि कोई असुविधा ना हो और वे सुविधाजनक तरीके से परीक्षा दें सके इसका पूरा ख्याल रखा गया। सभी निर्देशों का पालन करते हुए यह परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई और अपने समयानुसार शाम 5:20 पर खत्म हुई। परीक्षा उपरांत सभी परीक्षार्थियों के चेहरे पर हर्ष के भाव थे। गौरतलब है कि विद्यालय के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी भारत सरकार के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से जिला समनव्यक् तथा केंद्राधीक्षक नियुक्त किये गए हैं। उनके व्यक्तिगत देखरेख में ही इस राष्ट्र स्तरीय परीक्षा संबंधित सभी कार्य सुचारु रूप से संपूर्ण किये गए।

## मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का आज किया गया रेण्डमाईजेशन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का रेंडमाइजेशन आज प्रेक्षक केश लथकर (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मतदान दलों के रेण्डमाईजेशन अंतर्गत विधानसभा 62 पाटन के 246 मतदान केंद्रों, 63 दुर्ग (ग्रामीण) के 230 मतदान केंद्रों, 64 दुर्ग (शहर) के 224 मतदान केंद्रों, 65 भिलाई नगर के 169 मतदान केंद्रों, 66 वैशाली नगर के 256 मतदान केंद्रों, 67 अहिवारा के 260 मतदान केंदों, 68 साजा के 102 मतदान केंद्रों एवं 69 बेमेतरा के 22 मतदान केंद्रों हेतु कुल 7243 मतदान अधिकारियों का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक 62 पाटन, 63 दुर्ग (ग्रामीण), 64 दुर्ग (शहर), 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा सहित सभी छः विधानसभाओं हेतु 126 माइक्रो आब्जर्वर्स का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, ए.आर.ओ. सोनल डेविड, दीपक निकुंज, मुकेश रावटे सहित समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी जायेंगे जिले से बाहर

### मतदान हेतु शांति व्यवस्था बनाने प्रतिबंधात्मक आदेश

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण दुर्ग जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश एक पय रूप से पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार जिला दुर्ग में बाहरी व्यक्तियों / अभ्यर्थियों / राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों / चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामुहिक भोज / रसोई का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतिथि भवनों और धर्मशालों को भी सतर्कता के तहत रखा जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि इन्हें राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिला दुर्ग की सीमा के अंदर किसी भी व्यक्ति / समूह या राजनैतिक दलों को लाउड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। मतदान का समय समाप्त होने के 48 घंटे की अवधि के दौरान लाउड स्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। कोई भी 05 से अधिक व्यक्तियों का क्षेत्र में एकत्रित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का प्रत्येक राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा। जिला दण्डाधिकारी का यह आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 में बाहरी सशस्त्र एवं सुरक्षा बल, निर्वाचन कार्य में लगे कर्मी व एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवा पर लागू नहीं होगा। दुर्ग जिले के राजस्व सीमा में आने वाले सभी सराय, धर्मशालाओं, होटलों तथा लॉज के मालिकों/ प्रबंधक अपने सराय, धर्मशाला, होटल एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में तत्काल प्रस्तुत करेंगे।

## संगवारी महिला मतदान केंद्र सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की थीम पर तैयार

■ आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में मतदाता लेंगे लोकतंत्र की रक्षा और स्वच्छता की प्रतिज्ञा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महिलाओं को लोकतंत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए संगवारी महिला मतदान केंद्र में इनकी ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी निर्वाचनों में मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के शेख गफ्फार आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए संगवारी महिला मतदान केंद्र क्रमांक-173 को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की थीम पर तैयार किया गया है। इस मतदान केंद्र में पंहुचने वाले मतदाता, न केवल सिर्फ लोकतंत्र के यज्ञ में आहूति देंगे बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक भी होंगे। यहां बनाए गए गार्बेज ट्रक शेप सेल्फी स्टैंड जहां मतदान के बाद मतदाता सेल्फी लेकर मतदान और स्वच्छता दोनों का संदेश देंगे। कचरे के सेग्रिगेशन को बताने चार अलग-अलग रंग के डस्टबिन भी रखें गए हैं।

इस मतदान केंद्र में एक ओर प्रतिज्ञा दीवार बनाई गई है, जहां लोकतंत्र की रक्षा और स्वच्छता को बनाएं रखने प्रतिज्ञा ली जाएगी। हरा, नीला और सफेद रंग से सजा यह मतदान केंद्र सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को समर्पित है।

## लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को अलर्ट रहना है : केश लथकर

■ कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस 7 मई के 72 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षकगणों केश लथकर, पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी की अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रेक्षक केश लथकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन की गतिविधि जिले में सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित हो सके इस दिशा में हर स्थिति में कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस बार लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को अलर्ट रहना है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों को कहा कि मतदान दिवस को पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ ट्यूनिंग बनाकर फील्ड पर गश्त करें। शांतिपूर्ण मतदान में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बल प्रत्येक बूथ में उपस्थित रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए एआरओ, पुलिस, सेक्टर अधिकारी और केंद्रीय सशस्त्र बलों का आपस में समन्वय हो। जिन स्थानों पर जिनकी ड्यूटी लगी हो वे जिम्मेदारी के साथ वहां दिखाई दें और फील्ड पर भी वर्दी में जवान गश्त करते नजर आयें। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था संबंधी बैठक के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि दुर्ग लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस तथा केन्द्रीय बलों को सेक्टर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा। मतदान दिवस पर 100 मीटर के एरिया में मतदाता के अलावा दूसरे व्यक्ति नहीं रहेंगे, इसका विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन प्रकिया के सफ्ल संचालन हेतु 1829 सैनिक बल तैनात किया गया है। 8 विधानसभा क्षेत्रों में 1070 वर्दीधारी, 439 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 320 क्षेत्र अर्द्ध सैनिक बल तैनात किए गए है।

जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीआरपीएफ बीएसएफ पहुंच चुकी है। आवश्यकतानुसार बूथों में बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पुलिस की भी ड्यूटी प्रत्येक बूथों में लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर सुरक्षा बल लगाये गए हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ निर्वाचन कार्य की पूरी तैयारी सुनिश्चित कर ली है। पुलिस प्रशासन द्वारा संवदेनशील मतदान केन्द्रों का मुआयना कर, आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं। 70 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। रात्रि में पेट्रोलिंग की जा रही है। भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। क्षेत्रों से गुजरने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर मती योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, एएसपी अभिषेक झा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज, महेश राजपूत, मुकेश रावटे, उत्तम ध्रुव, अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा सोनल डेविड, परिवहन अधिकारी एस.एल.लकड़ा, तहसीलदार प्रफुल्ल ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ प्रनयीय युवा अग्रवाल मंच के सदस्य पहुंचे वृद्ध आश्रम






पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच रायपुर जिला इकाई द्वारा वृद्धाश्रम में अपनो से दूर रह रहे बुजुर्गो के साथ समय व्यतीत कर उनके अकेलेपन को दूर करने का प्रयास किया गया, मंच के रायपुर जिला अध्यक्ष मानस अग्रवाल एवं महामंत्री पवन अग्रवाल ने बताया कि इस वृद्धाश्रम में कई बुजुर्ग अपने परिवार से दूर और कई अनाथ रह कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे है, इन बुजुर्गो के साथ आज मिलकर इनको आज परिवार बना कर इनके साथ हंसी-मजाक कर, बाते कर आज इनको परिवार का सुख देने का सार्थक प्रयास किया गया, साथ ही इनके लिए राशन सामग्री एवं ठंडे पानी हेतु घड़ा आदि सुविधा उपलब्ध कराई गई,छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच रायपुर जिला इकाई द्वारा निरंतर ऐसे रचनात्मक एवं सेवा के कार्य किये जा रहे हैं, तथा जिला अध्यक्ष मानस अग्रवाल का कहना है कि आज हमारे पिता तुल् बुजुर्ग जन जीवन भर अपने बच्चों के लिए सब कुछ करते हैं, किंतु उम्र के एक पड़ाव के पश्चात उन्हें अपनेपन की जरूरत होती है, किंतु आज भी ऐसे अनेको बुजुर्ग हैं जो की ऐसी तकलीफों का सामना करना कर रहे हैं, तथा हमारे द्वारा इस दिशा में एक सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जो कि आगे भी निरंतर जारी रहेगा, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मानस अग्रवाल, जिला महामंत्री पवन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, शुभम गुप्ता, प्रीति गुप्ता और मंच के अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने की मतदाताओं से विनती-गेलोली,सरलहा अउ समलाती मतदान दुर्ग शहर के मयारू मतदातामन,आपमन जानत हव कि 07 मई के लोकसभा मतदान होवइया हे,जरूर आहु**

## नगर निगम द्वारा घर- घर व दुकानों में मतदाताओं को बांटे विनती-गेलोली पाम्पलेट

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com







कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर लोकसभा निवार्चन 2024 नगर निगम द्वारा सीमाक्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए घर- घर व दुकानों में विनती-गेलोली पाम्पलेट एवं जागरूक करने प्रत्येक बूथ में स्वीप रथ पाम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को घर-घर एवं शहर क्षेत्र के दुकानों में पाम्पलेट वितरण कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपील किया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदीयों एवं सुपर वाईजरों द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत जोन वार समस्त वार्ड के गली मोहल्ले के घरों व दुकानों में मतदाताओं को विनती-गेलोली पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है। लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि घर-घर विनती-गेलोली पाम्पलेट लेकर शत प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदाताओं से विनती कर अपील की है।विनती-गेलोली जिला प्रशासन के अभियान, सरलहा अउ समलाती मतदान दुर्ग के मयारू मतदातामन, जय जोहार, आपमन जानत हव कि 07 मई, 2024 के लोकसभा मतदान होवइया है। जिला प्रशासन डहर ले आपमन के सरलहा अउ समलाती मतदान बर केन्द्र मन में सबो सुभीता पक्का करे गय हे। अब आप सबो मतदातामन के पारी हे कि अपन दुर्ग क्षेत्र ल सुग्घर मतदान के चिन्हारी देवावव।देश गढ़ई अउ सच्चा जनप्रतिनिधि चुनई आपमन के अधिकार ए। ठिन्ना लोकतंत्र के सौ प्रतिशत मतदान बर हम सबो के भाग लेवई जरूरी हे। मैं आप सबो मतदाता मन ले विनती करत हंव कि अपन कुटुम अउ संगवारी मन समेत ठीक बेरा में आके मतदान खचित करव।इस पहल से जिले एवं शहर में मतदान की औसत बढ़ेगी।शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## जुआ खेलते पकड़ाये दो सिपाही निलंबित



पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोनी स्थित सुरक्षा बल वितरण केन्द्र में जुआ खेलते पकड़ाये जाने पर दो आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरक्षक अविनाश कुमार चंदेल एवं कमलेश सूर्यवंशी को निलंबित कर पुलिस लाईन में अटैच कर दिया है। आरक्षक अविनाश कुमार चंदेल (आर. क्र 140) की वर्तमान पदस्थापना सिविल लाईन थाना बिलासपुर एवं आरक्षक कमलेश सूर्यवंशी (आर क्रमांक 1098) की पदस्थापना थाना सरकण्डा में है। गौरतलब है कि दोनों आरक्षकों की ड्यूटी मतदान दलों के साथ सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाने के कार्य में लगाई गई थी। दोनों आरक्षक चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किये गये वाहनों के चालकों के साथ जुआ खेलते पाये गये। एसपी ने सिविल लाईन थाना के नगर पुलिस अधीक्षक को आरक्षकों के कदाचरण की जांच कर 10 दिनों में प्रमाण सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

संपादकीय

# फिलिस्तीन का समर्थन विश्वविद्यालयों में आंदोलन

**फिलिस्तीन-समर्थक विरोध प्रदर्शन** करने वालों ने दुनिया के अनेक विश्वविद्यालयों में आंदोलन छेड़ दिए हैं। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस व अन्य देशों में ज्यादा से ज्यादा छात्र इज़राइल-विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हो रहे हैं। इससे शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक विचारधाराओं और विश्व दृष्टिकोण बदलने में उनकी भूमिका के बारे में बहस छिड़ गई है। सवाल है कि छात्रों को राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं। परिसरों में इज़राइल-विरोधी परिघटना को अलग-थलग कर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह वयापक भू-राजनीतिक सोच तथा सामाजिक आंदोलनों को अभिव्यक्ति देती है। लेकिन ऐसे विरोध प्रदर्शनों के लिए खासकर शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने से विश्वविद्यालयों के उद्देश्य तथा 'कट्टरता' फैलाने के मुकाबले बेहतर रचनात्मक संवाद विकसित करने की जिम्मेदारी पर भी महत्वपूर्ण सवाल उठ रहे हैं। इस घटनाक्रम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा समावेशन व विविधता को प्रोत्साहन के बीच टकराव पैदा हो गया है। यदि इज़राइल-विरोधी प्रदर्शन सम्मानपूर्ण ढंग से न हों तथा ये संवाद के बजाय टकराव पर केन्द्रित हो जाएं तो इनसे छात्रों के एक तबके का हाशियाकरण होगा। इज़राइल-समर्थक प्रदर्शन भी सबसे पहले अमेरिका के कुछ विश्वविद्यालयों में दिखे थे। इज़राइल द्वारा आत्मरक्षा में गाजा पर हमले के बाद इन विश्वविद्यालयों में एक समानान्तर अभियान छेड़ा गया। वास्तव में अमेरिका और यूरोप में इज़राइल-समर्थक भावनायें भी बहुत बढ़ गई हैं। इसका कारण यह है कि इज़राइल की तरह उन्होंने अपने खिलाफ भी आतंकी, कट्टरपंथी व जिहादी हमले देखे हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि संभवतः नवीनतम इज़राइल-विरोधी प्रदर्शनों के पीछे भी ऐसे तत्व शामिल हैं। इज़राइली भी अपने देश के खिलाफ जिहादी भावना से किए जाने वाले हमलों के खिलाफ मजबूती से नेतनयाहू के पक्ष में एकजुट हो रहे हैं।

संस्कृत में कहावत है, 'या विद्या स विमुक्तये', अर्थात शिक्षा मुक्तिदाता है। यह सार्वभौम तथ्य है, इसलिए मुक्ति सबसे पहले छात्रों के व्यवहार से दिखनी चाहिए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि विरोध की कोई सीमायें नहीं होती हैं और ऐसे प्रदर्शनों में हिंसा की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। छात्रों को कालेज परिसरों में अपने अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि उनसे इसकी ही उम्मीद की जाती है। लेकिन यदि वे अपने आसपास की घटनाओं से अनभिज्ञ हों तो यह भी शिक्षा के लिए अनुचित होगा। इसी प्रकार उनसे अपने आसपास होने वाली गड़बड़ियों पर प्रतिक्रिया की भी उम्मीद की जाती है। यह भी समान रूप से सच है कि वे अपने आसपास के सामाजिक बदलाव से अप्रभावित नहीं रह सकते हैं। अपने देश में हमें नहीं भूलना चाहिए कि जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में छात्र आंदोलन ने आपातकाल का विरोध किया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अनेक नेताओं ने कालेज छोड़ दिए थे और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे। भगत सिंह ने छात्रों के राजनीति में शामिल होने के सवाल पर लिखा था, 'क्या इंग्लैंड और जर्मनी के छात्रों द्वारा कालेज छोड़ कर युद्ध में शामिल होना राजनीति नहीं है? ऐसे में उपदेशक कहां थे? उन्होंने छात्रों से पढ़ने को क्यों नहीं कहा? केवल छात्रों और नौजवानों के प्रयासों से ही आज अनेक देश स्वतंत्र हुए हैं।' हालांकि, यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि इज़राइल हमेशा से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करता रहा है और हमास आतंकियों द्वारा उस पर हवा, धरती व समुद्र से किया हमला द्वितीय विश्वयुद्ध के समय हुए 'यहूदी नरसंहार' के बाद सबसे बड़ा था।

# भू-राजनीति पर आतंकवाद का प्रभाव

भू-राजनीतिक उथलपुथल तथा क्षेत्रीय टकरावों के इस युग में आतंक का खतरा बढ़ रहा है। यह सीमाओं को पार कर पूरे दुनिया के स्थायित्व को खतरे में डाल रहा है।



सुधीर हिंदवान
(लेखक, रणनीति विशेषज्ञ हैं)



आज दुनिया की राजनीति अनेक क्षेत्रीय टकरावों का सामना कर रही है। इसमें इज़राइल-फिलिस्तीन व रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान व ईरान में उथलपुथल के साथ वैश्विक आतंकवाद पिछले कुछ सालों में सुर्खियों में आया है। इसी प्रकार घरेलू स्तर पर सीमापार के आतंकी संगठनों ने कश्मीर में आतंक छेड़ रखा है तथा वे हत्यारों के गिरते मनोबल को थामने के लिए मीडिया में सुर्खियां जुटा रहे हैं। इसी के साथ ही दुनिया भर में आतंकी षडयंत्र सामने आए हैं जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, लाल सागर, इज़राइल, फिलिस्तीन, स्कैंडनेवियाई देश, मध्य एशिया व रूस शामिल हैं।

पिछले कुछ दिनों में विद्रोहियों ने अनेक निरपराध लोगों की जान ली है तथा जम्मू कश्मीर व भारत के अन्य घरेलू मोर्चो पर अनेक सैनिकों ने शहादत दी है। हालांकि, घरेलू आतंक की तुलना में अंतरराष्ट्रीय आतंक में तुलनात्मक रूप से थोड़ी कमी आई है, पर सरकारों के लगातार मुकाबले के प्रयासों के बावजूद इसने सारी सीमायें पार की हैं। अमेरिका में वर्ड ट्रेड सेंटर व पेंटागन पर आतंकी हमलों के बाद काफी खून बहा है और इसके बाद विश्व स्तर पर आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। पिछले वर्षों में बार-बार होने वाले आतंकी हमलों में कभी थोड़ी कमी आई, पर इनसे सुरक्षा और खुफिया नेटवर्कों की कमियां भी उजागर हुई हैं। इसके साथ ही इस विभीषिका से निपटने में आधुनिक राष्ट्रों का विश्वास भी प्रभावित हुआ है। आतंकवाद चाहे क्षेत्रीय, स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो, यह लंबे समय तक बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहयोग के जीवित नहीं रह सकता है। वैश्वीकृत दुनिया में सत्ता के खेल स्पष्ट दिखाई देते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का असमान ढांचा दुनिया के विभिन्न भागों में सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और परस्पर संबंधों में ज्यादा से ज्यादा स्पष्ट होता जा रहा है। शीतयुद्ध के पश्चात अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था अब भी सत्ता का खेल बनी हुई है। हिंसा और आतंक पर अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की राय है कि पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र में वर्चस्ववादी नेटवर्क लगभग सभी राष्ट्रों में विपक्षी शक्तियों का सामना कर रहे हैं।

इस प्रकार समाजों का वैश्वीकरण हुआ है, पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपारदर्शिता बढ़ी है जिसके कारण गरीब देशों में लोग अपनी खराब सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के लिए बड़ी शक्तियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शीतयुद्ध ने अफगानिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, खाड़ी और लैटिन अमेरिकन देशों में हस्तक्षेप किया था जिसके परिणामस्वरूप खास किस्म के परिवर्तन हो रहे हैं तथा आंतकी गतिविधियां फलने-फूलने का मैदान साफ हो रहा है। यदि शक्तिशाली देश शुरुआत से ही ठीक काम करते तो अफगानिस्तान के तालिबानीकरण की नौबत न आती। शुरुआत में आतंकवाद की सामाजिक बीमारी की पहचान में विफलता के कारण अनेक देश संकट में फंस गए हैं।

तथाकथित दुष्ट देशों पर हथियार और आर्थिक प्रतिबंध लगाने के कारण पिछले कुछ वर्षों में नकारात्मक नतीजे निकले हैं और इन देशों को अंतरराष्ट्रीय हमदर्दी मिलने में आसानी हुई है। हालांकि, आतंकवादी समस्या के स्थाई समाधान की उम्मीद अभी बहुत दूर है, पर उम्मीद है कि शक्तिशाली देश आतंकवाद के प्रति बेहतर समझदारी विकसित करेंगे जो खतरनाक आयाम धारण करती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय परिवहन में तेजी आने तथा एके47 जैसे संवेदनशील हथियारों व प्लास्टिक विस्फोटकों-आरडीएक्स के प्रचार ने दुनिया भर में आतंकवादी नेटवर्कों के विस्तार में मदद की है। इसके साथ ही आतंकियों के नए आत्मघाती दस्तों ने राज्यों के पूरे सुरक्षा नेटवर्कों को गंभीर खतरे में डाल दिया है। हालिया घटनाओं को अलग-थलग कर नहीं देखा जा सकता है।

एक प्रमुख आतंकवाद-विरोधी विशेषज्ञ ब्रायन जेन्किन्स का विश्वास है कि पुलिस व खुफिया विकभाग के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रयास तेज करने से संभावित आतंकी हमलों की जानकारी मिल सकती है, पर अभी भी इस बात पर भ्रम है कि क्या ऐसी व्यवस्था कट्टरपंथ से संचालित आतंकियों से निपटने में सक्षम होगी। धीरे-धीरे धर्म विश्व स्तर पर आतंकवाद की मुख्य प्रेरक शक्ति बनता जा रहा है। आतंकवादियों तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराधी नेटवर्कों के बीच गठजोड़ मजबूत हो रहा है। संगठित अपराध और राजनीतिक हिंसा पर ब्रिटिश विश्लेषक एलीसन जैमीसन का कहना है कि हाल में आतंकवाद तथा संगठित अपराध के बीच विभाजक रेखायें बहुत धुंधली हो गई हैं।

इटली में संगठित अपराध विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नेस्टो ने कहा था, 'आतंकी का लक्ष्य वैचारिक होता है, जबकि संगठित अपराधी का वित्तीय, लेकिन दोनों का उपकरण एक है। इन दोनों को पैसे और हथियारों की जरूरत होती है।' श्रीलंका में तमिल टाइगर्स अपने संघर्ष के लिए पैसा जुटाने हेतु नशीले पदार्थों का व्यापार करते हैं तथा पूर्वोत्तर भारत में गुरिल्ली चाय बागान मालिकों का अपहरण कर उनसे पैसा वसूलते हैं ताकि अलगावाद के लिए संघर्ष चलाया जा सके। चेचेन्या में अलगाववादी नशे के व्यापार में अत्यधिक संलिप्त हैं। इन दिनों आतंकवादी जोखिम वाले बिंदुओं तक पहुंचने में पहले की तुलना में ज्यादा विश्वास से भरे हैं। वे हमले करने के पहले उनकी योजना बनाते हैं तथा नायक के रूप में उनको उचित ठहराते हैं। इस प्रकार वे अपने कृत्यों के माध्यम से अनेक उद्देश्य प्राप्त करने के लिए भय पैदा करते हैं तथा कुछ लोगों को प्रेरित भी करते हैं। इसलिए प्रभावी प्रशासनिक उपायों के लिए हमें पहले आतंकवादियों के विभिन्न स्त्रोतों का पता लगाना चाहिए। सरकारी स्तर पर सचमुच प्रभावी तैयारी कार्यक्रम जरूरी हैं। सबसे पहले हमें यह समझना चाहिए कि आतंकी गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं और उनकी प्रेरणा क्या है। आतंकी घटना से निपटने तथा उसके प्रभावों को समाप्त करने के लिए सतर्कता से योजना बनानी होगी। आतंकी-प्रभावित क्षेत्र के बारे में समुचित डेटा से बहुत सहायता मिलती है। खुफिया तंत्र को आतंकी लक्ष्यों, समय और स्थलों के बारे में पहले से ही सूचनायें उपलब्ध करानी चाहिए। लेकिन अकेले सरकार ही आतंकवादी घटनायें रोकने में सक्षम नहीं हो सकती है। सुरक्षा की सामान्य स्थितियों में सुधार के लिए लोगों और व्यक्तियों को महत्वपूर्ण योगदान करना होगा। इसके साथ ही ऐसी संवेदनशील सुरक्षा प्रक्रियाओं की जरूरत है जो हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग के साथ ही सीमा क्षेत्रों में स्क्रीनिंग तक प्रभावी हों।

एक प्रकार के सकारात्मक कार्यक्रमों की भी जरूरत है जो आतंकियों में निराशा का स्तर बढ़ सकें। ऐसे कार्यक्रम प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। इसके साथ ही राजनीतिक संस्थानों समेत ऐसे संस्थान खोलने की जरूरत है जो नस्ली, धार्मिक व राजनीतिक दबावों को सहन कर आतंकियों को अपनी भावनायें समुचित तरीके से व्यक्त करने का अवसर दे सकें। इससे उनको अपनी सोच बदलने तथा शांतिपूर्ण तरीके से अपने मतभेद दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वर्तमान युग में आतंकी एक दशक पहले के अपने समकक्षों की तुलना में बहुत संगठित तथा ज्यादा पेशेवर होते हैं, इसलिए सुरक्षा और संरक्षा की नई अवधारणायें विकसित करने की जरूरत है। इसके साथ ही सतर्क व अत्यधिक प्रभावी पुलिस व अर्धसैनिक नेटवर्क बनाना भी जरूरी है।


आशंका है कि जैविक व रासायनिक हथियारों की उपलब्धता के साथ ही आतंकी अपना अभियान और जोश के साथ चलाएंगे। कोई भी सभ्य राजनीतिक व्यवस्था उस समय तक प्रगति नहीं कर सकती है, जब तक आतंकवाद का उस समय तक उन्मूलन न कर दिया जाए जब तक इसका राजनीतिक समाधान सामने न आए। समय की आवश्यकता है कि आतंकवाद पैदा करने वाली समस्याओं के समाधान हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की जाए। आतंकवाद से प्रभावित राज्यों को विवादों के बातचीत से समाधान के रास्ते खोलने चाहिए। इसके साथ ही लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति भी प्रदर्शित करनी चाहिए।

# डिजिटल जगत की सुरक्षा

"डिजिटल परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, साइबर खतरे अधिक परिष्कृत और व्यापक होते जा रहे हैं।"



शायनी शर्मा
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)



कनेक्टेड डिवाइस, क्लाउड कंप्यूटिंग और विभिन्न अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार के साथ, व्यक्तिगत हैकर्स से लेकर संगठित साइबर आपराधिक समूहों तक के खतरों की आक्रमण सतह में काफी विस्तार हुआ है। इस युग में, जहां प्रौद्योगिकी हमारे जीवन के हर पहलू में व्याप्त है, साइबर सुरक्षा के महत्व को कम नहीं किया जा सकता है और प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ, इसे नए खतरों का उद्भव माना गया है।

साइबर सुरक्षा उपाय, जैसे एन्क्रिप्शन, पहुंच नियंत्रण और डेटा हानि की रोकथाम, अनधिकृत पहुंच, चोरी और गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यापक डिजिटल कनेक्टिविटी के युग में, गोपनीयता बनाए रखना, व्यक्तिगत जानकारी और संचार को अनधिकृत निगरानी से सुरक्षित रखना, चोरी और आक्रामक डेटा संग्रह प्रथाओं की पहचान करना न केवल व्यक्तियों के लिए बल्कि संगठनों के लिए भी महत्वपूर्ण है। आदर्श वाक्य यह है कि हमारी डिजिटल दुनिया की रक्षा करना एक जिम्मेदारी है जिसे हम सभी साझा करते हैं। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हैं, चाहे वह साइबर विरोधियों की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) को समझना हो या सॉफ्टवेयर विकास जीवनचक्र में सुरक्षा को एकीकृत करने के लिए कार्यप्रणाली, उपकरण और सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना हो; इसका उद्देश्य डिजिटल संपत्तियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में वर्तमान और उभरती चुनौतियों का समाधान करना है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता उनके मूल कारणों को समझने के लिए सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर कमजोरियों की जांच करते हैं। चाहे व्यवसाय हो या शिक्षा, कार्य के सभी क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा की सुरक्षा करना अनिवार्य है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा रणनीतियों का अभिन्न अंग है, क्योंकि साइबर खतरे भारत की आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आकार देने में संप्रभुता, आर्थिक स्थिरता और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं, विशेष रूप से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में, भारत सरकार ने विभिन्न पहल और नीतियां लागू की हैं जैसे साइबर सुरक्षित बारात; भारत में साइबर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर स्वच्छता केंद्र और कई अन्य। इन पहलों का उद्देश्य नवीनतम साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करना, उपकरणों से दुर्भावनापूर्ण कार्यक्रमों का पता लगाना और हटाना और अंततः एक सुरक्षित साइबर पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर साइबर खतरों से निपटना है।

डिजिटल परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, साइबर खतरे अधिक परिष्कृत और व्यापक होते जा रहे हैं। खतरे का पता लगाने, घटना की प्रतिक्रिया और भेद्यता प्रबंधन सहित साइबर सुरक्षा उपाय मैलवेयर, फ़िशिंग, रैंसमवेयर और सेवा से इनकार करने वाले हमलों जैसे साइबर खतरों को पहचानने, कम करने और नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

प्रभावी साइबर सुरक्षा ग्राहकों, भागीदारों, निवेशकों और बड़े पैमाने पर जनता सहित हितधारकों के बीच विश्वास और विश्वास पैदा करेगी। साइबर सुरक्षा की सर्वोत्तम प्रथाओं और नियमों के अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करके, संगठन डिजिटल बाज़ार में अपनी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ाते हैं।

उभरते खतरे के परिदृश्य, तकनीकी प्रगति, डिजिटल परिवर्तन पहल, नियामक आवश्यकताओं, भू-राजनीतिक तनाव और डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर सामाजिक निर्भरता के कारण साइबर सुरक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है। साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा के बारे में नहीं है बल्कि यह डिजिटल युग में विश्वास, गोपनीयता और स्वतंत्रता की सुरक्षा के बारे में है। साइबर खतरों से उत्पन्न उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी, नीतियों, शिक्षा, सहयोग और निवेश को शामिल करते हुए एक व्यापक और सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

ऑनलाइन स्थान को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्ति को सतर्क, सूचित और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। मजबूत पासवर्ड, नियमित अपडेट और फ़िशिंग प्रयासों से सावधान रहना साइबर लचीले समुदाय की ओर बस कुछ ही कदम हैं। प्रगति के बावजूद, साइबर सुरक्षा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें साइबर खतरों का निरंतर विकास, कुशल साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी और साइबर अपराध की वैश्विक प्रकृति शामिल है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### रायबरेली से राहुल

**रायबरेली** से राहुल गांधी के नामांकन से की नयी रणभूमि ष् सम्बंधित है। इससे हफ़्तों का सस्पेंस समाप्त हुआ लेकिन अमेठी के बजाय रायबरेली को चुन कर राहुल गाँधी ने अपने दृष्टिकोण से अच्छा कदम उठाया है। उनके लिए तुलनात्मक दृष्टि से रायबरेली काफी आसान सीट है, क्योंकि अमेठी में स्मृति ईरानी उनको कड़ी टक्कर दे सकती थीं। अगर गाँधी परिवार से कोई भी सदस्य अमेठी या रायबरेली से नहीं लड़ता तो एक गलत राजनैतिक सन्देश जाता और इसके अतिरिक्त कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कार्यकर्ताओं में निराशा की लहर दौड़ जाती। 25 वर्षों में पहली बार अमेठी से गाँधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। भाजपा राहुल गांधी के वायनाड के बाद अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ने को पलायन बता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मजाक उड़ाते हुए-डरो मत, भागो मत कहा है। हालांकि, चुनाव परिणाम 4 जून को सामने आएंगे, लेकिन फिलहाल सवाल है कि क्या राहुल गांधी मतदान के बाद वायनाड में हार की आशंका से रायबरेली आए हैं अथवा उनका इरादा हिंदी क्षेत्र में कांग्रेस में जान डालना है। देखना होगा कि क्या इससे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को आबंटित 17 सीटों पर उसके प्रदर्शन में कुछ सुधार आएगा और राहुल-अखिलेश संयुक्त चुनाव प्रचार करेंगे या नहीं।

– **बाल गोविंद**, नोएडा

### कांग्रेस में घबराहट

**पिछले काफी समय** से कांग्रेसी दलबदल कर रहे हैं। लेकिन अब कांग्रेस के सामान्य से लेकर विशिष्ट नेता तक संसद में अपनी जगह बनाने के लिए स्थान तक बदल रहे हैं। जन-आशीर्वाद से हमेशा लोकसभा पहुंचने वाली सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा पहुंची। राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा पहुँचते रहे, पर पिछले चुनाव में वे वायनाड से लोकसभा सदस्य बने और इस बार तो उन्होंने गजब कर दिया। वायनाड के साथ ही वे अमेठी से भी नामांकन भरने वाले थे। लेकिन अचानक मन बदल कर माताजी और बहनजी के साथ दादी इंदिरा गांधी की विरासती सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। आखिर कांग्रेस पार्टी में घबराहट क्यों बढ़ती जा रही है? कांग्रेस बरसों सत्तासीन रही है और ग्राम पंचायतों से लेकर संसद तक उसका एकछत्र शासन भी रहा है। तब पिछले दस साल में ही इतनी घबराहट क्यों पैदा हो गई है? भाजपा भी तो बरसों सत्ता से बाहर रही, पर उसमें इतनी घबराहट व बेचैनी कभी पैदा नहीं हुई। कांग्रेस को समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार जनसंघ व भाजपा के पास कांग्रेस को सत्ता से हटाने का कोई शार्टकट नहीं था, उसी तरह मोदी के नेतृत्व में भाजपा को भी सत्ता से हटाने का कोई शार्टकट नहीं है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### ऋषि सुनक का भविष्य

**देखना है** कि ऋषि सुनक का बोझ कन्जरवेटिव पार्टी कितने दिनों तक उठा सकती है? हो सकता है इस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आगामी आम चुनाव तक सुनक को ही 10 डाउनिंग स्ट्रीट में बनाए रखे ताकि पार्टी की संभावित ऐतिहासिक पराजय का ठीकरा भी उनके माथे पर फोड़ा जा सके। कन्जरवेटिव पार्टी ने ब्रेक्सिट का जो फायदा बताया था उसका ठीक उल्टा हो रहा है। दो महीने में तीन प्रधानमंत्री आए, लेकिन सुनक अभी पद पर बने हुए हैं। लेकिन स्थानीय चुनाव के नतीजे ने पार्टी की नींद उड़ा दी है। कंजरवेटिवों को पिछले कुछ वर्षों में सबसे खराब स्थानीय चुनाव परिणामों का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी शुरू से ही ब्रिटेन के यूरोपीय संघ-ईयू से अलग होने का विरोध करती रही है। चुनाव में विजय के बाद वह फिर ब्रिटेन को ईयू में शामिल कर सकती है। हालांकि, यह प्रक्रिया बहुत आसान नहीं होगी और काफी कुछ अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम, अमेरिका-ईयू संबंधों तथा उस समय वैश्विक स्थितियों पर निर्भर करेगा। ऋषि सुनक के भविष्य से उन लोगों की भावनायें भी प्रभावित होंगी जो भारतीय मूल के व्यक्ति के ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने पर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे और इसे असाधारण प्रगति मानते थे।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

# मतदान सामग्री के साथ दल अपने बूथ को हुए रवाना

## महिला मतदान दल खुशी -खुशी अपने संगवारी मतदान केंद्र को रवाना हुई

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत तीसरे चरण में जिले की विधानसभा सीटों पर मतदान कल यानी 7 मई को होगा। मतदान सबेरे 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। बेमेतरा की तीन ज़िले के तीनों विधानसभा में संगवारी, आदर्श व दिव्यांग और युवा मतदान केंद्र बनाये गये । लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनावी पार्टियों द्वारा किया जा रहा प्रचार अब बंद हो गया है। वहीं, मतदान दलों को उचित मतदान सामग्री देकर बूथ की तरफ रवाना हुए। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दल वाहनों को रवाना किया। बेमेतरा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान सामग्री वितरण किया गया और टीम को रवागी हो गयी है। मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारियों को इस वार मतदान सामग्री टेबल में पहुँचाकर दी गयी। उन्हें सामग्री के लिए लाइन लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ी। इस नई व्यवस्था से मतदान दल बहुत प्रसन्न थे।।इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से बातचीत कर जानकारी भी ली। उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। कलेक्टर शर्मा ने मतदान कर्मियों को रवाना करने के साथ ही जिले के सभी मतदाताओं से भी अपील की है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर हिस्सेदार जरूर बने। जिले के तीनों विधानसभा में प्रत्येक विधानसभा में संगवारी मतदान केंद्र बनाए गये हैं। वहां की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं की होगी। आज मंगलवार को महिला मतदान दल ने निर्वाचन सामग्री ली। सामग्री का मिलान किया और खुशी-खुशी अपने संगवारी मतदान केंद्र को रवाना होना शुरू कर दिया। जिले के विधानसभा में प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग मतदान केंद्र और 5-5 युवा मतदान केंद्र भी बनाया गया है। युवा मतदान केंद्र में केवल युवा ही मतदान कर्मियों की भूमिका निभाएंगे। वहीं, दिव्यांग मतदान केंद्र में दिव्यांगों की जरूरत को देखते हुए सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी है। इसी प्रकार 78 आदर्श मतदान केंद्र, 76 संगवारी महिला मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 68 -साजा में 36 संगवारी महिला मतदान केन्द्र,69 बेमेतरा में 19 और 70- नवागढ़ में 21 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गये है। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के 6 लाख 68 हज़ार 437 मतदाता अपने संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग निर्वाचन क्षेत्र प्रतिनिधि( लोकसभा सांसद) चुनने में विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतर और नवागढ़ के मतदाताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेंगी। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के 6 लाख 68 हज़ार 437 मतदाता अपने संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग निर्वाचन क्षेत्र प्रतिनिधि( लोकसभा सांसद) चुनने में विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतर और नवागढ़ के मतदाताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेंगी। बेमेतरा जिले के कुल 668437 मतदाता 7 मई (मंगलवार) 2024 को अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिले में महिलाओं के मुक़ाबले पुरूषों मतदाता अधिक है। विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा में में 750 मतदान केन्द्र में पुरूष मतदाता 335770 वही महिला मतदाता 332663 है। जिसमें ज़िले की साजा विधानसभा क्षेत्र में 165810, बेमेतरा में 232480 और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 271147 मतदाता लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने रेलवे के डीआर एम रायपुर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ज्ञापन में कहा गया है कि रेल यातायात से दल्ली राजहरा के निवासी काफी परेशान हैं। दल्ली राजहरा से दुर्ग रायपुर तक चलने वाली ट्रेने अपने निर्धारित समय से काफी विलम्ब से चल रही है। इस ट्रेन से बालोद, दल्ली राजहरा तथा बस्तर क्षेत्र के व्यापारी, नौकरी पेशा वर्ग एवं छात्र तथा रोजी मजदूरी करने वाले सफर कर अपना काम करते आ रहे हैं। ट्रेन विलम्ब होने के कारण सभी वर्ग के लोगों को काफी परेशानी होती है, किसी व्यक्ति को आगे का सफर करना रहता है तो वह समय पर पहुँच नहीं पाता और उन्हे गन्तव्य तक पहुँचने में काफी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। दल्ली राजहरा नगर को मिनी भारत के नाम से जाना जाता है, यहाँ पर पूरे भारत देश के सभी प्रांत के लोक निवास करते है, लोगों का हमेशा अपने राज्य आना जाना रहता है. जिससे व दल्ली राजहरा से ट्रेन के माध्यम से दुर्ग व रायपुर जाकर अपना ट्रेन पकड़ते हैं, उसी प्रकार वापस आते समय दल्ली राजहरा आने के लिए इस ट्रेन का सहारा लेते हैं। किन्तु ट्रेन समय पर नहीं चलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छ.ग. समन्वय समिति मांग करती है कि दल्ली राजहरा से चलने वाली डेमू ट्रेनों को अपने निर्धारित समय पर चलाया जाये, डेमू ट्रेन के जगह पर वातानूकुलित पैसेन्जर ट्रेन चलायी जाये, इलेक्ट्रिक ट्रेन अविलम्ब आरम्भ किया जाये, वर्तमान में चल रही ट्रेन में काफी गन्दगी रहती है, उसे साफ कराया जाये तथा ट्रेनों में पानी की समुचित व्यवस्था की जाये, केंवटी से बिलासपुर तक ट्रेन आरम्भ की जाये, जिससे हाईकोर्ट जाने वाले लोगों का सुविधा हो, अंतागढ़ से रायपुर तक चलने वाली डेमू ट्रेन तीन फेरे चलती है। वह वर्तमान में काफी विलम्ब से चल रही है। सुबह रायपुर जाते समय तो ठीक समय पर जाती है लेकिन वापसी में काफी विलम्ब हो रहा है। रायपुर पहुंचने के बाद यह ट्रेन 1 से डेढ घंटा लेट रहती है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर रेल्वे के अधिकारी बिलकूल ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। तीन फेरे वाली इस ट्रेन का संचालन समय पर किया जाये। अंतागढ़ से रायपुर तक चलने वाली ट्रेन तथा सभी डेमू ट्रेन का संचालन समय पर करें जिससे यात्रियों को हो रही गम्भीर समस्याओं से निजात मिल सके। पत्र सौंपने वाले में छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी, महासचिव तोरण लाल, साहू, विजय साहू, संतोष कुमार घराना चैतराम सार्वा, राधेश्याम साहू, विजय देशमुख, संतराम सेन, गोरेलाल मिश्रा, अशोक कुमार एवं वीना साहू उपस्थिति रही ।

# पीले अक्षत भेंट कर मतदान करने हेतु अपील की



**बेमेतरा ।** मतदान के एक दिन पहले पीले अक्षत भेंट मतदान अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया माँ भद्रकाली के दर्शन कर नगर के थोक,फुटकर व्यापारी भाइयों-बहनों को पीले अक्षत देकर अधिक से अधिक मतदान करने व पहले मतदान फिर जलपान करने का आग्रह सांसद प्रतिनिधि राजेश दीवान,पार्षद नीतू कोठारी महामंत्री युगल देवांगन ,रोहित साहू,अनिता मिश्रा,मीनू पटेल एवं कार्यकर्ताओं ने किया।

# लोकसभा निर्वाचन के पूर्व पकड़े गए कई शराब कोचिए

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 तृतीय चरण दुर्ग जिले में 07 मई 2024 को होने से मतदान दिवस तथा उसके पूर्व अवैध शराब के विक्रय, धारण, परिवहन पर आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इस हेतु आम नागरिकों का भी सहयोग लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के चौर्यनयन को रोकने के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर 0788-2325836 जारी किया गया था। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में अवैध शराब के विक्रय को नियंत्रण करने हेतु आम नागरिकों के लिए जारी टेलीफोन नम्बर से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम द्वारा विधिवत कार्यवाही किया गया है। आबकारी अमले द्वारा रेलवे पुलिस के साथ रेलवे स्टेशनों तथा वहां से गुजरने वाले ट्रेनों की जांच, बस स्टेशनों एवं बसों की जांच, होटल, बार, ढाबों तथा मुख्य एवं अवैध शराब के पारम्परिक मार्गों में लगातार गश्त की जा रही है। विभाग द्वारा शराब के कई कोचिओं को अवैध रूप से शराब विक्रय करते हुए पकड़ा गया है तथा उन आरोपियों पर विधिवत् कार्यवाही की गई है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी झलवा कोसरे के कब्जे से कुल 54 नग शोले देशी मसाला पाव, कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 5940रू है एवं एक दोपहिया वाहन हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 07 बीएक्स 3801, जिसकी कीमत 30000 है, को जप्त कर प्रकरण कायम किया गया।

# 1509 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आज जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मानस भवन एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साईंस कॉलेज दुर्ग) से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के 1509 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया गया। जिले में 8450 अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएंगे। जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों एवं दो आंशिक बेमेतरा एवं साजा विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान कार्य संपन्न कराएंगे। जिले में मतदान 7 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने सामग्री वितरण स्थल पहुंचकर वितरण कार्यो एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कर्मियों से बातचीत कर जानकारी ली और उन्हें अपने सामग्री का मिलान करने को कहा।

# मतदाताओं और मतदान को प्रोत्साहित करने इंडियन ऑयल डीलर प्रभा निर्वाणी की अनूठी पहल

## मतदान करने की अमिट स्याही दिखा पेट्रोल डीजल पर प्रति लीटर 2 रुपये की छूट

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकतंत्र के इस महापर्व में चिलचिलाती धूप में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने के लिए,महिलाओं पुरुषों और युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह और जिम्मेदारी का भाव पैदा करने के लिए , इंडियन ऑयल पेट्रोलियम कंपनी की अधिकृत डीलर प्रभा निर्वाणी किसान सेवा केंद्र की संचालिका प्रभा निर्वाणी ने पेट्रोल और डीजल में प्रति लीटर 2 रुपये छूट की प्रोत्साहन देने की बात कही है, प्रभा निर्वाणी ने कहा है कि मतदान का प्रतिशत बढ़े,लोग देश में अपनी सरकार चुनने के लिए मतदान करें इसलिए मेरे पेट्रोल पम्प पर दोपहर 12 बजे तक मतदान की स्याही अपनी उंगली में दिखाएंगे उन्हें पेट्रोल और डीजल में 2 रुपये प्रति लीटर की छूट दी जाएगी, निर्वाणी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए ,लोकतंत्र की दी हुई शक्ति का प्रयोग कर एक शशक्त सरकार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, इसी सोंच के साथ 7 मई को सुबह से दोपहर 12 बजे तक आने वाले सभी मतदाता जो अपनी अंगुली में मतदान की स्याही का अमिट छाप दिखाएंगे उन्हें पेट्रोल ,डीजल खरीदने पर 2 रुपये प्रति लीटर की छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा,इंडियन ऑयल की डीलर प्रभा निर्वाणी ने कहा कि चाहे किसी भी दल,किसी भी प्रत्याशी को मतदान करें,लेकिन मताधिकार का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में करें, उन्होंने यह भी बताया कि जिले भर में कहीं भी मतदान करे अंगुली में लोकतंत्र की सहभागिता की निशानी दिखाने पर उन्हें यह छूट मिलेगी। प्रभा निर्वाणी बेमेतरा की समाज सेवी महिलाओं में अग्रणी हैं और वे बेमेतरा की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष रह चुकी है,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी की सास माँ है। उनकी इस पहल की सराहना जिला निर्वाचन अधिकारी ने करते हुए स्वागत योग्य बताया है वहीं शहरी और ग्रामीण युवाओं मे इसकी खूब चर्चा है,इसके लिए बाकायदा प्रभा निर्वाणी किसान सेवा केंद्र के द्वारा सोशल मीडिया और उनके पेट्रोल पंप में जानकारी के लिए फ्लेक्स पोस्टर चस्पा किये गए हैं। बारा बजे मझनिया के पहली जेन अंगूरी में दिखाही वोट डारे के सियाही तेन वोटर हा राष्ट्र निर्माण में प्रभा निर्वाणी के तरफ से पेट्रोल डीजल में दो रुपया लीटर छूट पाही।

# जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए खास इतंजाम

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा बताया कि ज़िले में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए ज़िला प्रशासन ने भी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर पहुँचने वाले मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए जा रहे है। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर पीने के लिए ठंडा पानी, नीबू पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं है। इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थायें की गई हैं। 7 मई को ज़िले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में होगा मतदान कलेक्टर शर्मा ने बताया कि ज़िले की तीनों विधानसभा साजा,बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्रों में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। 6 मई को मतदान दल मतदान सामग्री के साथ मतदान दल रवाना हो गया । 7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार यानी 6 मई को मतदान दल सभी 750 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुआ। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी छाया, ठंडा पानी, दवाइयां, बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उत्साह के साथ करें मतदान की अपील की । उन्होंने ने 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ज़िले के संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले के मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# कलेक्टर और एसपी ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा का मतदान केंद्रों में दौरा मतदान दल रवानगी के बाद मतदान केंद्र का किया निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मतदान कर्मियों से ज़रूरी व्यवस्था की जानकारी ली । उनके साथ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू,अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी जगत प्रकाश गुड्डू प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। 6 मई (सोमवार) को मतदान दल मतदान सामग्री के साथ रवाना हुए। सभी दल अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुँच गये।कल 7 मई (मंगलवार) को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान होगा। मतदान सबेरे 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। ज़िले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए ख़ास इतंज़ाम किए गए है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की गयी है।

# नरल ऑब्जर्वर शेट्टीनावर पहुंचे लाइव वेबकास्टिंग नियंत्रण कक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) आज मंगलवार अपराह्न ज़िला पंचायत लाइव वेबकास्टिंग नियंत्रण कक्ष पहुँचे। बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार ज़िले में 375 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की गतिविधियां देखी और जानकारी ली। उनके साथ लायज़निंग ऑफिसर कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन चन्द्रशेखर शिवहरे साथ थे। लाइव वेबकास्टिंग सहायक नोडल अधिकारी महेंद्र वर्मा और उनके तकनीकी सहयोगियों ने पूरी जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष से बूथों पर पूरी सतत नज़र रखे हुए है। उनके साथ तक़रीबन 50 तकनीकी कर्मचारी के साथ शिक्षक और सुपरवाइजर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के 173 मतदान केंद्रों पर, वही नवागढ़ के 102और साजा के 100 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। 375 मतदान केंद्रों में अंदर और बाहर 750 कैमरे लगाए गए है। उन पर नज़र रखी जा रही है। कैमरे बूथ उन स्थानों पर चिन्हित किए गए हैं, जहां अच्छी नेटवर्किंग की व्यवस्था है। लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी आईटी विभाग कर रहा है। इन बूथों पर तीन स्तर पर निगरानी की व्यवस्था हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया को लाइव देख रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन में निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए 50 फीसदी मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है। पूर्व में वेबकास्टिंग के लिए ऑपरेटर/तकनीकी सहायक को वेबकास्टिंग कैमरा स्थापित (स्टालेशन) का प्रशिक्षण और उपकरण वितरण किया जा चुका है।

# शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू द्वारा आयोजित किया गया सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फत्ते राम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी द्वारा वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम चन्दनबिरही के गरीब, होनहार छात्र शासकीय प्राथमिक शाला-चंदनबिरही के धारेंद्र तारम का जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में चयन होने पर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कोसरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम चंदनबिरही के गरीब, होनहार छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होना काफी गर्व की बात है, सभी बच्चों को मेहनत व लगनशीलता के साथ पढ़ाई करने की बात कहा गया। जिले के वनांचल क्षेत्र के छात्र सिर्फ जवाहर नवोदय विद्यालय ही नहीं अपितु दूसरे प्रतियोगी परीक्षा में भी लगातार सफल हो रहे हैं। जे.एन.यू. के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले समस्त शिक्षकों को भी उनके विशेष योगदान हेतु बधाई व शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय देवांगन प्रभारी प्राचार्य शेरपार व विशिष्ट अतिथि आधार सिंह कुमेटी व के. आर. लारिया भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू, संगठन के प्रदेश संरक्षक अनिल रामटेके, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शेरपार के समस्त शिक्षक गण व संकुल केंद्र शेरपार के समस्त शिक्षक गणों में होम कुमार टांडिय, लता पटवा, खम्मन लाल सिन्हा, इंदुमती ठाकुर, चित्रलेखा साहू, बरखा वासनिक, रिंकू विश्वास, आरती साखरे, रोशनी रामटेके, पवन रेखा साहू, संतोष कुमार राणा राणा, केशव राम साहू, कुशल कुमार हदगिया, कमलकांत नेताम,अमित बाम्बेश्वर, अमरिया सर सहित अन्य शिक्षक गण शामिल थे।

# फोटोयुक्त 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले के सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज की भी अनुमति दिए हैं। बशर्ते उनका नाम मतदाता सूची में हो। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# मतदान के लिए एपिक कार्ड जरूरी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा ई-एपिक कार्ड के साथ 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता एपिक कार्ड नहीं होने पर ई-एपिक कार्ड के साथ इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# सीएसवीटीयू द्वारा आयोजित इंटरजोन प्रतियोगिता में कोलंबिया के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी, भिलाई के द्वारा इंटर जोन प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके अंतर्गत कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगितो में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और प्रतिस्पर्धा में अलग-अलग स्थान प्राप्त किया जिसमें से क्विज प्रतियोगिता में बी फॉर्म 6 सेमेस्टर के योगेंद्र कुमार साहू एवं छत्रेश वर्मा पहला स्थान हासिल किया। इस तरह डिप्लोमा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा नाटक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया, एवं डांस प्रतियोगिता में






विद्यार्थियों से ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान एवं सोलो (सिंगल) डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसके साथ वाद विवाद प्रतियोगिता में योगेंद्र कुमार साहू के द्वारा प्रथम स्थान एवं अमन गौतम के द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इसके बाद पेंटिंग प्रतियोगिता में 6 सेमेस्टर के विद्यार्थी पीयूष वर्मा के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं तात्कालिक भाषण में योगेंद्र कुमार साहू के द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों का रुचि एवं उसके स्किल को और बढ़ाने के उद्देश्य से कॉलेज पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसके फलस्वरुप विद्यार्थियों के बीच में यह प्रतिभा निखरते हुए दिखाई दे रही है, इस अवसर पर कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र सराफ ने कहा कि प्रतिभा सबमें छुपी होती है जरूरत है इसे निखारने की आप सब जैसा चाहे और जिस किसी भी चीज में फोकस और ध्यानाकर्षण करेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता जरूर मिलेगी उन्होंने आगे कहा की हम बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हैं, कि वह आगे बढ़े और अपना, अपने कॉलेज का और देश का नाम गौरान्वित करता रहे। उक्त अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सराफ एवं एचओडी डॉ आशीष मजूमदार बच्चों के लिए अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा किए है जिसके फलस्वरुप हमारे सामने बच्चों की प्रतिभा निखरते हुए दिख रही है। इस पूरी प्रतियोगिता में अलका बघेल का बहुत बड़ा योगदान रहा है जो की सभी अलग-अलग जगह में उपस्थित होकर बच्चों के मनोबल को और उनके प्रतिभा को और निखारा है।

# ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प : डांस कांपीटिशन में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर रंग जमाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित प्रेरणा समर कैम्प में डांस काम्पीटिशन में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। उन्हें देश भक्तिपूर्ण गीत, धार्मिक भजन अथवा माता-पिता से सम्बन्धित गीतों पर नृत्य करना था। इसमें बढ़-चढ़ कर बच्चों ने हिस्सा लिया। सभा में बच्चे रंग -बिरंगे ड्रेस पहनकर उपस्थित हुए थे। समर कैम्प में उनके लिए डांस काम्पीटिशन रखा गया था। वह लोग अपनी वेशभूषा से लोगों को आकर्षित तो कर ही रहे थे साथ ही सभागृह की शोभा को भी बढ़ा रहे थे। विशेष बात यह रही कि डांस के स्टेप बच्चों ने खुद तैयार किए थे। डांस काम्पीटिशन के निर्णायक के रूप में ब्रह्माकुमारी रश्मि और स्नेहा दीदी उपस्थित थीं। सबसे पहले कु. दीक्षा गुप्ता ने शानदार कथक नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। उसके बाद कु. परिणीता साहू और श्वेताभ साहू ने छायो रंग केसरिया... गीत पर सधे






हुए अन्दाज में युगल नृत्य पेश किया। कु. वेदांशी साहू ने है कथा संग्राम की... गीत पर सुन्दर नृत्य प्रदर्शित कर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके पहले सत्र में ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी ने कर्मों की गति विषय पर बोलते हुए कहा कि हमें सदा ऐसे कर्म करने चाहिए जिससे लोगों की दुआएं हमें प्राप्त हो। अनजाने में भी हमारे कर्म ऐसे न हों जो कि किसी को दुख पहुंचे। अगर हम किसी को दुख देते हैं तो स्वयं सुखी कैसे रह सकेंगे? सुख और दुख हमारे कर्मों का परिणाम होते हैं। कभी किसी को दुःख देने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी ने बतलाया कि सुख का आधार हमारे श्रेष्ठ कर्म हैं। इसलिए सुखी रहना चाहते हो तो सदैव सभी के लिए शुभ और अच्छा सोचो। अच्छे लोगों का संग करें। किसी के प्रति अपनी निश्चित धारणा बनाकर न रखें कि यह तो है ही खराब। इसके साथ ही दयालु बनकर दूसरों को माफ करना सीखें। हमारे पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा कहते थे कि जो कर्म मैं करूंगा मुझे देखकर दूसरे भी करेंगे। ऐसा सोचने से हमारे कर्मों पर निरन्तर अटेन्शन बना रहता है। कभी कोई गलत काम हमसे नहीं होगा। उन्होंने बच्चों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गुणवान व्यक्ति ही दुनिया में महान कहलाता है। उनका समाज में इतना गहरा प्रभाव पड़ता है कि उनके न रहने पर भी लोग उन्हें याद करते हैं।

# ब्रह्मा कुमारीज भाटापारा के द्वारा बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ब्रह्मा कुमारीज भाटापारा के द्वारा बाल व्यक्तित्व विकास शिविर दिव्य मुस्कान समर कैंप में पांचवें दिन बच्चों को क्राफ्ट वर्किंग सुनीता राठौर एवं टाइम मैनेजमेंट (समय प्रबंधन) के बारे में भुनेश्वर साहू ने बताया गया की हमें वर्तमान में टाइम मैनेजमेंट की आवश्यकता क्यों पड़ रही है क्योंकि अभी वर्तमान समय में हमारा बहुत सारा समय अन्य चीजों में एंगेज हो जाता है जैसे टीवी है, मोबाइल है, अधिकांशत मोबाइल में समय ज्यादातर बच्चे कार्टून, गेम्स, फ्री फायर शॉट वीडियो से तीन से चार घंटा समय कैसे समाप्त हो जाता है पता भी नहीं चलता अगर हम इस मोबाइल का सही उपयोग करें तो इसमें ज्ञानवर्धक बातें मोरल की बातें, आध्यात्मिकता की बातें, मुल्यों की अनेक कहानियां हमें देखने को व सुनने को मिल सकता है। अगर मोबाइल का हम सही यूज नहीं करते तो वह हमारे वेस्ट फ्रेंड की तरह है,



लेकिन अगर हम मोबाइल का सही उसे मोरल की बातें देश दुनिया की जानकारी, नैतिक मूल्यों की बातें देखते हैं सुनते हैं तो यह हमारा वेस्ट फ्रेंड की जगह बेस्ट फ्रेंड का काम करेंगी। दूसरी बात यह भी बताएं कि अगर हम समय का महत्व समझेंगे तो वह एक दिन हमारा महत्व बढ़ा देगा अगर समय को ध्यान में रखते हुए हम अपने दिन भर के दिनचर्या में अपने कार्य को सुनिश्चित कर टोटल लिस्ट बनाकर सबसे पहले जो इंपॉर्टेंट और जरूरी कार्य है उसको पहले फिनिश करें फिर उसके बाद जो इंपॉर्टेंट कार्य है उसको कर ले इस तरह से जो मुख्य कार्य है उनको पहले करके और अन्य कार्य जो इतना इंपॉर्टेंट नहीं है उनको बाद में किया जाना चाहिए। बिल गेट्स एवं एपीजे अब्दुल कलाम जी का उदाहरण देते हुए यह भी समझाया गया कि हमें अपना लक्ष्य बनाकर उसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय की सही सदुपयोगिता करते हैं तो बहुत ही कम समय में हम अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

## इस अक्षय तृतीया घर लाएँ समृद्धि, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के बैंगल फेस्टिवल में 2000 से अधिक विकल्प और 200 नई डिजाइन्स

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



80 वर्षों से अधिक की विरासत वाले प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बैंगल फेस्टिवल और विशेष ऑफर्स की शुरुआत की है। पूरे भारत में ब्रैंड के 158 से अधिक स्टोर्स हैं। टीआरए की ब्रैंड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 में इसे लगातार चौथे वर्ष भारत के दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रैंड के रूप में स्थान दिया गया है। अक्षय तृतीया का त्यौहार पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन को सोने की खरीदी करने और अन्य कीमती वस्तुओं में निवेश करने के लिए सबसे शुभ समय माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे घर में सौभाग्य और समृद्धि का संचार होता है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने ग्राहकों को 8 अप्रैल से लेकर 12 मई, 2024 तक विशेष छूट दे रहा है। इसके तहत ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी और पोल्की ज्वेलरी के लिए मेकिंग चार्ज पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इतना ही नहीं पूरे भारत में डायमंड वैल्यू पर 5प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, ब्रैंड द्वारा मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट और सोने की दरों पर प्रतिस्पर्धी ऑफर्स की पेशकश की जा रही है। इस ऑफर के तहत ग्राहक 2000 से अधिक एक्सक्लूसिव ज्वेलरी विकल्पों में से पसंदीदा का चयन कर सकते हैं। इनमें 15,000 रुपए से लेकर 2,00,000 रुपए तक की कीमत वाले प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जिन्हें रोजमर्रा में पहना जा सकता है। इन्हें विशेष रूप से बैंगल फेस्टिवल हेतु सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के कुशल कारीगरों द्वारा डिजाइन किया गया है। महज़ 8000 रुपए की शुरुआती कीमतों पर उपलब्ध यह कलेक्शन हर व्यक्ति की पसंद और बजट से मेल खाता है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स में, हम अपने कुशल कारीगरों पर गर्व महसूस करते हैं।

# भगवान परशुराम जयंती मनाने बैठक संपन्न

## 10 मई को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भगवान श्री परशुराम जयंती मानने हेतु श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा की आवश्यक बैठक स्थानीय कुंदन भवन में समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जमदग्नि पुत्र रेणुका नंदन भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा में समाज के प्रत्येक घरों से सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है अक्षय तृतीया की शुभ तिथि पर समाज द्वारा सुबह 11 बजे कुंदन भवन स्थित शिव मंदिर में भगवान परशुराम जी का विधिवत पूजन किया जाएगा एवं दोपहर



4 बजे सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व की भांति रामनाम सप्ताह मंडप से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर पुनः राम सप्ताह मंडप में आएगी जहां भगवान श्री परशुराम जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त बैठक में समाज के उत्थान हेतु और भी निर्णय लिए गए एवं भाटापारा के सभी विप्र बंधुओं से शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई बैठक में समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा के साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेश तिवारी, डाक्टर ओ पी शर्मा, ओम प्रकाश जोशी, घनश्याम प्रसाद शर्मा, दिनेश उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, मोहन शर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय, देवेंद्र भृगु, मधुसूदन शर्मा, घनश्याम वैष्णव, लक्ष्मी नारायण शर्मा, विजय पाण्डेय, विपिन शर्मा, अनुराग शर्मा, उमा शर्मा, रूपेश तिवारी, निक्की शर्मा, गोपाल शर्मा, शैलेश दवे आदि मौजूद रहे उक्त जानकारी समाज के महासचिव विजय पाण्डेय द्वारा दी गई।

# विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में में निकली रैली में उमड़ा जन सैलाब

## विधानसभा चुनाव से ज्यादा की मिलेगी इस बार लीड : इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले चुनाव में भाटापारा की जनता इस बार पिछले विधानसभा चुनाव से ज्यादा की लीड इस लोकसभा चुनाव में देने की मानसिकता बना ली है। भाटापारा शहर ही नही पूरे विधासभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता मोदी की झूठी गारंटी की पोल खोल दी है और आप सभी लोगो को कांग्रेस के प्रत्यासी विकास उपाध्याय को ज्यादा से ज्यादा मत से बिजयी बनावे ताकि मैं और विकास दोनो मिलकर इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहा सके।उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव अपने जनसंपर्क रैली में नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगो को संबोधित करते हुए कही। विधायक इंद्र साव भाटापारा शहर में रैली के घूमघूम कर तथा कुछ स्थानों में सभा लेकर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विकास उपाध्याय के प्रचार अभियान को तेज कर दिया है और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विकास उपाध्याय के पक्ष में माहौल बना दिया है।विधायक की रैली और चुनावी सभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर



ऐसा लग रहा है कि मतदाता पूरी तरह परिवर्तन का मन बना चुके है, शहर के विभिन्न वार्डो से होते हुए प्रमुख चौक चौराहे से निकली रैली के दौरान कुछ वार्डो में नुक्कड़ सभा के दौरान सम्बोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों का चुनाव सम्पन्न हो चुका है जिसमें भारतीय जनता पार्टी पिछड़ गई है जिससे भाजपा के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उलूल जुलूल बयानबाजी कर रहे है मानसिक संतुलन इतना बिगड़ गया है कि वे निम्न स्तर का बयान दे रहे हैं। भाजपा के लोग मोदी की गैरेंटी की बात कर लोकलुभावन बाते कर रहे है जबकि आप लोगो को मालूम ही है कि पिछले दस साल से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, विदेशों से काला धन लाएंगे जनधन योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति के खाते में पंद्रह लाख रुपये डालेंगे किसी के खाते में पंद्रह रुपये नही आया। झूठ बोलने की परिकाष्ठा को भाजपा के लोग पार कर चुके है।भारतीय जनता पार्टी भगवान श्रीराम और धर्म की राजनीति करती हैं। भाजपा हमेशा आम जनता के साथ खिलवाड़ करती है उनकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है, महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपये देने का एलान किया था उसमें भी गड़बड़झाला करते हुए दो महीने का पैसा भी दबा लिया है ऐसी पार्टी को दरकिनार करते हुए लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय को सात मई को 3 नम्बर में बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनावे ताकि रायपुर में बैठकर मैं और दिल्ली में बैठकर भाई विकास उपाध्याय आप लोगो की भावनाओ के अनुरूप कार्य कर क्षेत्र का चहूंमुखी विकास कर सके। इसके पूर्व रैली का जगह जगह स्वागत हस।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ध्रुव, अभिनव यदु, पार्षद रोहित साहू, दारा साहू,सत्यजीत शेंडे,पप्पू चौहान, गेंदू साहू, महेंद्र साहू, ईश्वर साहू, सतरूपा वर्मा, राजू वर्मा, मुकेश साहु सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी गण एवं वार्डवासी जनसंपर्क रैली में सम्मिलित हुए।

## भारतीय संविधान में सभी धर्मों एवं सभी वर्गों को सम्मान अधिकार दिया है : सपा

**रायपुर।** समाजवादी के प्रवक्ता डॉ. पुरूषोत्तम सोनवानी ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी धर्मों, सभी वर्गों को समान अधिकार दिया गया है। क्या छत्तीसगढ़ की साय सरकार खुद मुख्यमंत्री बन गए हैं तो क्या सभी आदिवासियों का विकास हो गया क्या? मुख्यमंत्री आदिवासियों से बात करके जनता को गुमराह कर रही है सिर्फ पीठ थपथपाकर सम्मान देने से आदिवासी परिवार एवं प्रदेश की जनता का कुछ भला होने वाला नहीं है। कई आदिवासी परिवार नक्सलियों एवं फोर्स के बीच हुए मुठभेड़ में मर गए उनके लिए सरकार ने का क्या? आदिवासी महिलाओं के योनि में पत्थर एवं गोंटी डालकर बहुत प्रताड़ित किए। ये केवल भाजपा सरकार का एक झल है उनकी कीमती वोट लेने का। उनको सच्चा सम्मान देना नहीं है काम करना है तो उनकी मुलभूत स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल की व्यवस्था, बिजली, स्वच्छ जल, सड़क, रोजगार, राशन, कोयला एवं लोहा खदान में युवाओं को रोजगार दे, ये सभी आवश्यकता भाजपा सरकार नजर अंदाज कर देती है। लगातार 15 साल सत्ते में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं में कोई काम नहीं किया। अब फिर सत्ते पर आकर जनता को गुमराह कर रही है।

## मेडिक्लेम प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय के कारण 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देर : सर्वे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे। अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रक्रियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा सर्वे में बीमा दावों की प्रक्रिया के दौरान रोगी के परिवारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें 10 में से लगभग चार उत्तरदाताओं ने दावा प्रक्रिया के संबंध में ग्राहक सेवा में कठिनाई का सामना करने की बात मानी है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है। लगभग 10 में से 4 लोगों के पास अपनी पॉलिसी के नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता की कमी थी।

## मुजिगल ने रायपुर के शंकर नगर में अपनी अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े म्यूजिक एजुकेशन प्लेटफार्म मुजिगल ने रायपुर में अपनी पहली अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की। थर्ड फ्लोर, एसआर प्लाजा, सेक्टर 3, शंकर नगर, रायपुर में स्थित, अकादमी 1900 वर्ग फुट में फैली हुई है जो गायन और वाद्य सहित संगीत सीखने के लिए अत्यधिक अनुकूल है। मुख्य अतिथि डॉ. भारती बंधु (पद्मश्री) कबीर और सूफी गायक, विशिष्ट अतिथि अनिन रॉय (छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सितार वादक) और डॉ. लक्ष्मीनारायण येलुरी (फाउंडर-मुजिगल) की उपस्थिति में अकादमी लॉन्च की गई। कई बैचों में फैले 500 से अधिक छात्रों को समायोजित करने की क्षमता के साथ, रायपुर में संगीत अकादमी पियानो, कीबोर्ड, गिटार, ड्रम, कर्नाटक वोकल्स, हिंदुस्तानी वोकल्स, वेस्टर्न वोकल्स, वायलिन और युकुलेले में शिक्षा प्रदान करेगी। संगीत अकादमी के लॉन्च के बाद, शुरुआती महीने के लिए, मुजिगल सभी नामांकनों के साथ 1 महीने की मुफ्त संगीत शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुजिगल की अत्याधुनिक अकादमी ऑनलाइन, ऑफ्लाइन और संगीत वाद्ययंत्रों की दुकान को एक प्लेटफार्म में एकीकृत करके संगीत सीखने और सिखाने के इको-सिस्टम में 360-डिग्री फ्रेमवर्क प्रदान करके संगीत शिक्षा में एक स्वर्ण मानक स्थापित कर रही है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DEEPA M.U W/O JACOB JOSEPH निवासी मकान न. 68, वार्ड नं. 02 शांति नगर दल्ली राजहरा तह. डौंडी, जिला बालोद छग यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम DEEPA JACOB W/O JACOB JOSEPH रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DEEPA JACOB W/O JACOB JOSEPH से ही जाना पहचाना जावे।

**DEEPA JACOB**

निवासी मकान न. 68, वार्ड नं. 02 शांति नगर दल्ली राजहरा तह. डौंडी, जिला बालोद छग

### न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202404090200041

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-ब-121 सन- 2023-2024

हालेकोसा प.ह.नं. 00018[(हे.)],

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- केजउराम,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केजउराम पिता स्व. अनुपलाल जाति मरार ग्राम हालेकोसा तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पिता अनुपलाल की मृत्यु दिनांक 03.10.1979 को ग्राम हालेकोसा तहसील छुरिया में हुआ है जिसके मृत्यु का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने पिता अनुपलाल की मृत्यु दिनांक 03.10.1979 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 13/05/2024 को स्वयं/वकील/आमुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
तहसील-छुरिया

# विश्व हास्य दिवस के अवसर पर हास्य योग एवं सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

विश्व हास्य दिवस के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ हास्य योग सेवा समिति के द्वारा हास्य योग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम काशुभारम्भ संस्था सचिव आर पी त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद युवा योग प्रशिक्षक पतंजलि के विवेक तिवारी द्वारा योग के कुछ ऐसे आसनों की प्रस्तुति की गई की उपस्थिति जन समूह दांतो तले ऊँगली दबाने को मजबूर हो गया। संस्था संचालक प्रेम गुप्ता, मिलन ताम्रकार,




सुन्दरलाल दुग्गड़ एवम अध्यक्ष जसबीर कालरा, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, एवं सदस्यों प्रदीप ताम्रकार, शुभांकर, अशोक पोद्दार, अशोक अग्रवाल, नीलम कालरा, माया अग्रवाल के द्वारा अथितियों सतीश उपाध्याय, जिला अध्यक्ष पतंजलि योग समिति, बलबीर कौर अध्यक्ष पतंजलि योग समिति, युवा योग प्रशिक्षक विवेक तिवारी, साहित्यकार एवं कवि वीरेंद्र श्रीवास्तव व्यंगकार एवम कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक, सभी का प्रतीक चिन्ह से सम्मानित एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। संस्था के नवीन सदस्यों कोमल साहू, नारेन्द्र श्रीवास्तव, कमला राम प्रजापति, कमला सिंह यादव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और संस्था मे जुड़ने के लिए उन्हें शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य प्रभात वर्मा नें हास्य योग की कला से लोगों को अवगत कराया, किशन लाल अग्रवाल के चुटकुलो ने और संस्था अध्यक्ष जसबीर कालरा की मनोरंजक बातों नें लोगों को बहुत हंसाया। युवा कवि गौरव अग्रवाल की कविताओं नें मंत्र मुग्ध कर दिया, अथिति रामचरित द्विवेदी ने अपनी कविताओं से बहुत वाहवाही बटोरी। जसबीर रैना का मधुर गीत एवं अथिति राजेन्द्र जैन की कविता नें लोगों को बहुत मनोरंजन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था सदस्य वेद प्रकाश पाण्डेय नें किया।

**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

शाखा: मकान नं. ए-54, गुप्ता डेंटल हॉस्पिटल के बगल में, गली नं. 1 नेताजी होटल चौक के पास, कटोरा तालाब, रायपुर (छ.ग.) 492001
फोन नं. 0771-2225088 और 0771-4218110

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] (कब्जा नोटिस) अचल संपत्ति के लिए**

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत इस नियम मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर** के खाते के आगे वर्णित राशि दी गई **एन.पी.ए दिनांक** के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा। खाते का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र सं. | उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की दिनांक | बकाया राशी मांग नोटिस दिनांक तक (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज कनकने पुत्र श्री बद्री प्रसाद कनकने और श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री बद्री प्रसाद कनकने, ऋण खाता संख्या: 00303010000089 & 00303020000049 | एक बहुमंजिला इमारत से सम्बंधित फ्लैट क्रमांक सी-507 और सी-508, ब्लॉक क्रमांक - सी, भाग - II, कुल क्षेत्रफल 1012 वर्ग फीट, पांचवीं मंजिल, खसरा क्रमांक 267/7 का हिस्सा, प्लॉट क्रमांक 13/3, शीट क्रमांक 15, पी.एच. नंबर 108, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 23 ओम कॉम्प्लेक्स, फाफाडीह, अंडर ब्रिज के पास रायपुर (छत्तीसगढ़) **पिन कोड - 492009** पंजीकरण उप. जिला रायपुर के भीतर और जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल 1012.00 वर्ग फीट, सीमाएं:- उत्तर में: सीढ़ी और लॉबी, दक्षिण में: ओम स्काई और बालकनी, पूर्व में: फ्लैट क्रमांक सी-507 भाग- I, पश्चिम में: फ्लैट क्रमांक सी-509 | 29.01.2024 / 02.05.2024 (सांकेतिक) | 33,76,066 (रूपया तैंतीस लाख छिहत्तर हजार छियासठ मात्र) + ब्याज और अन्य शुल्क |

स्थान: रायपुर, दिनांक: 06.05.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, रायपुर

# नांदगांव तहसील दफ्तर में मची भर्राशाही, काम में लेटलतीफी के अलावा लेनदेन की भी शिकायतें

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं, हर काम के रिश्वतखोरी का अड्डा बना

■ ग्रामीण क्षेत्रों से आ कर कड़ी धूप में भटक रहे लोग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी तहसील कार्यालय में चल रही दुकानदारी पर लगाम नहीं कसी जा सकी है। हालात यह है कि यहां हर सरकारी काम के लिए फरियादियों से वसूली की जा रही है और खुल कर बाबुओं द्वारा आम जनता से रिश्वत की मांग की जा रही है। उसके बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है। तारीख पर तारीख देकर मामले में अटकाने का खेल भी शुरू हो गया है। यही नहीं राजस्व महकमे के अफसर और कर्मियों के भी दफ्तर में आने का कोई समय निर्धारित नहीं रह गया है। जिससे लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। इस मामले की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से किए जाने की भी जानकारी मिली है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव स्थित तहसील कार्यालय में पिछले कुछ माह से दलाली प्रथा हावी हो गई है। हर काम के लिए बकायदा कथित एजेंटो द्वारा किसानों से वसूली की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि डायवर्सन के प्रकरणों में तीन हजार रुपए वसूले जा रहे हैं। वहीं बंटाकन में 40 हजार रुपए तक की मांग की जा रही है। नामांतरण के प्रकरणों में कथित दलालों द्वारा पांच-पांच हजार रुपए तक वसूल किए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि त्रुटि सुधार के प्रकरणों को बेवजह अटकाया जा रहा है। पिछले छह माह में यदि आंकड़ों की बात कहीं जाए तो एक भी त्रुटि सुधार के प्रकरण में आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इस मामले में राजस्व महकमे की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

### कड़ी धूप में पेशी में बुलाकर अफसर नदारद

लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के निपटने के बाद भी राजस्व महकमे के अफसर समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए जिस दिन पेशी दी जा रही है उस दिन अफसर ही कार्यालय पर नहीं रहते। भीषण गर्मी में लोगों को अफसरों के आने का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है पेशी की तारीख दिए जाने के बाद ग्रामीण व अन्य जनता पहुँच जा रही है लेकिन अफसर नदारद हो जाते हैं। जिससे लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

### 13 साल से एक ही जगह पदस्थ बाबू कर रहा खेल

तहसील कार्यालय में एक बाबू के 13 साल से पदस्थ होने को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही है। बताया जाता है कि उक्त बाबू की सर्वाधिक शिकायतें होने के बाद भी प्रशासन द्वारा उसका तबादला नहीं किया जा रहा है। अफसरों द्वारा इस बाबू के जरिये ही पूरा काम कराया जा रहा है और यही बाबू लेनदेन के बीच की प्रमुख कड़ी है।

# खनिज विभाग के संरक्षण में लगातार अवैध रेत उत्खनन

## आसपास के क्षेत्रों से रोजाना निकल रही दर्जनों ट्राली रेत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र की नदियों से अवैध रेत खनन करने वालों पर कार्रवाई के संबंध में खनिज विभाग क्यों चुप बैठा है ये समझ से परे है। पारागांवखुर्द, पारागांवकला, जामरी, मुढ़पार, मुरमुन्दा, मेढा, मेरेगांव नदी से लगातार अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। खनिज माफियाओं द्वारा नदियों से रोजाना कृषि उपयोग में लिए गए ट्रैक्टरों व ट्राली में रेत भरी जा रही है। डोंगरगढ़ क्षेत्र में खनिज माफिया द्वारा नदी से रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही है। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। नदी में रोजाना अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से रेत ले जाई जा रही है, इससे राजस्व पर लाखों करोड़ों का चूना लग रहा है।

इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाम मात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई न करने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। उत्खनन करने वालों व खनिज माफियाओं की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़ अच्छी है। इस कारण क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर राजस्व को लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे हैं, वहीं अधिकारी भी इसे नजरअंदाज कर अनुचित लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की अच्छी पकड़ है, कोई जनप्रतिनिधि की बताता है, तो कोई प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। डोंगरगढ़ क्षेत्र में रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर, ट्राली अवैध रेत खनन कर रहे हैं।

### कृषि उपकरणों का उत्खनन में उपयोग

कृषि विभाग से कृषि के नाम पर ट्रैक्टर खरीद कर माफिया खनन कार्य में ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। माफिया 24 घंटे अपना काम कर रहे हैं। चाहे दिन हो या रात, नदियों में नजर आ रहे हैं। डोंगरगढ क्षेत्र के मेढा, मुरमुन्दा, साहू भवन निर्माण सामग्री सप्लायर मुढ़पार, जामरी, पारागांवकला, पारागांव खुर्द, रेंगाकठेरा, आरबिरा, भण्डारपुर, माटेकटा, कल्याणपुर, गजमर्रा सहित गांवों में अवैध उत्खनन का कार्य चल रहा है, लेकिन इस ओर न तो स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। नदियों से रेत खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# भीषण गर्मी से जल रहे ट्रांसफार्मर, जिला कार्यालय के सामने ट्रांसफार्मर में लगी आग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भीषण गर्मी के चलते बिजली की खपत मे जहां काफी तेजी आ गई है, वहीं आए दिन ट्रांसफार्मरों में आगजनी की घटनाएं भी घट रही है। रविवार को जिला कार्यालय के सामने ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना दिए जाने पर तत्काल विद्युत विभाग का अमला पहुंचा। तब जाकर लोगों न राहत की सांस ली। ज्ञात हो कि नांदगांव जिले में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान भी 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए एसी कूलर का अधिक से अधिक सहारा लिया जा रहा है। गर्मी के दिनों में बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। ट्रांसफार्मर भी लोड नहीं सह पा रहे हैं। नांदगांव जिला मुख्यालय में आए दिन ट्रांसफर में आगजनी की घटनाएं हो रही है। एक पखवाड़ा पहले पाताल भैरवी क्षेत्र में भी ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से अफरा- तफरी की स्थिति निर्मित हो गई है। आज जिला कार्यालय के समक्ष देखते ही देखते एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी है। ट्रांसफार्मर में आगजनी की घटना होने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गया। तत्काल इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग का अमला घटनास्थल पर पहुंचकर आगजनी को बुझाने में पूरी तरह से जुटी रही। बिजली सप्लाई बंद करने के बाद फायरब्रिगेट के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# वाहन चेकिंग के दौरान, तेलंगाना की गाड़ी से 11.80 लाख जब्त

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से शहर के बाहर स्थित फरहद चौक में लाखों रुपए बरामद किए हैं। आचार संहिता के कारण पुलिस की वाहनों की चेकिंग करने की कार्रवाई सिलसिलेवार जारी है। वाहन जांच के दौरान एक तेलंगाना की लग्जरी कार से पुलिस ने रकम जब्त किया। पुलिस के अलावा आयकर विभाग मामले की जांच कर रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को वाहनों की चेकिंग कर रही यातायात और लालबाग पुलिस ने कार से 11 लाख 80 हजार रुपए जब्त किए। टीएस-03-यूसी-5330 को रोका तो जांच के दौरान भारी भरकम राशि मिली। पुलिस ने उक्त रकम के संबंध में कार सवार लोगों से जानकारी ली, तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण मामले को आयकर विभाग के हवाले कर दिया गया है। ऐसी आशंका जाहिर की जा रही है कि कल वन विभाग में तेन्दूपत्ता लाटों की नीलामी थी, जिस कार से उक्त रकम मिली है, वह तेन्दूपत्ता ठेकेदारों का हो सकता है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# ओड़िशा में प्रचार अभियान में जुटे अब्दुल कलाम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



द्वितीय चरण के तहत राजनांदगांव लोकसभा में मतदान संपन्न होने के बाद नेशनल को-ऑडिनेटर ओड़िशा प्रभारी अब्दुल कलाम खान ओड़िशा में कांग्रेस के प्रचार अभियान में जुट गए हैं। 28 अप्रैल को सलेपुर में राहुल गांधी की सभा आयोजित हुई। ओड़िशा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार बनते ही महिलाओं को एक लाख और ओड़िशा में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर महिला को 24 हजार रुपये साल देने का वायदा किया है। इस तरह यहां कांग्रेस हर महिला को 1 लाख 24 हजार रुपए देगी। अब्दुल कलाम खान ने भी इस सभा में मंच साझा किया। अब्दुल कलाम खान ने कहा कि ओड़िशा प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत है। यहां कांग्रेस ने कई जनहितैषी योजनाओं को घोषणा पत्र में शामिल किया है। इसमें महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए क्विंटल का वायदा पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि, निःसंदेह इस बार इंडिया गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में अपना डंका बजाएगा।

# ओछी राजनीति से बाज आए कांग्रेस : नीलू

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे के वैक्सीन पर स्पष्टीकरण के सवाल पर करारा जवाब देते कहा कि कांग्रेस को चुनाव में मुद्दे नहीं मिल रहे हैं, इसलिए छोटी सी बात को भी बड़ा बनाकर या झूठ बोलकर कि भाजपा संविधान बदलेगी, कहकर चुनाव की नैया पार करने की कोशिश में लगे हुए हैं। शर्मा ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की कोरोना वैक्सीन को अन्य वैक्सीन से बेहतर बता रहा हैं। शर्मा ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह मुद्दा कुछ लोगों को असमय अटैक आने के कारण उत्पन्न हुआ, तो कांग्रेस ने वैक्सीन को जिम्मेदार बताया तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा वैक्सीन कंपनी से पूछे गए प्रश्न पर कंपनी ने जवाब दिया कि वैक्सीन का साइड इफेक्ट होता है, परंतु साइड इफेक्ट का अर्थ यह है कि जिस व्यक्ति को यह वैक्सीन शूट नहीं होगी, उसके दुष्परिणाम 24 घंटे के अंदर या कुछ दिनों में दिखने लगते हैं और यह विश्व की हर दवाई में पाया जाता है । हर दवाई के दुष्परिणाम होते हैं, परंतु भारत की इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से 10 लाख में से एक व्यक्ति में इसके दुष्परिणाम पाए गए। प्रतिशत की दृष्टि से यह वैक्सीन पूर्णतः सफल पाई गई। इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से कुछ जान गई, परंतु अगर वैक्सीन नहीं बनाई जाती तो करोड़ों जाने जा सकती थी। भारत में महामारी फैल सकती थी। दुष्परिणामों के प्रभाव से हैजा, चेचक इत्यादि टीकों से भी हजारों जाने गई थी, परंतु उस समय विपक्ष में रही भाजपा ने कभी भी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं किया।

# निजी गुड्स ट्रेनों के लिए यात्री ट्रेनें चल रही लेट : रूबीना

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव डॉ. रूबीना अल्वी ने पिछले चार सालों से भयंकर गर्मी के समय लगातार पैसेंजर ट्रेनों के लेट होने और असंख्य ट्रेनों के रद्द करने वाली मोदी सरकार को इस लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का आह्वान किया है। डॉ. रूबीना अल्वी का कहना है कि ऐन चुनाव के समय भी पैसेंजर ट्रेनें भयंकर रूप से घंटों लेट चल रही है। अडानी की निजी गुड्स ट्रेनों को आम लोगों की पैसेंजर ट्रेनों पर तरजीह दी जा रही है। पिछले चार-पांच साल से छत्तीसगढ़ समेत मध्य भारत से गुजरने वाली असंख्य ट्रेनों को रद्द किया गया और बाकी बचे ट्रेनें बेहद लेट चलाई जा रही है। डॉ. रूबीना ने मोदी सरकार पर सीधे आरोप लगाया है कि बच्चों की ग्रीष्मावकाश और शादियों के सीजन में आम लोगों को यात्रा के लिए सबसे सुलभ ट्रेन यात्रा को केवल अपने धन्ना सेठ मित्रों की निजी गुड्स ट्रेनों को जल्दी आगे बढ़ाने बलि का बकरा बनाया जा रहा है। डॉ. रूबीना ने आम जनता से अपील की है कि आने वाले सात तारीख को मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी को वोट करके आमजनों की इस दुश्मन सरकार को सबक सिखाए।

## दो हफ्ते में डामरीकरण सड़क का भी हुआ बुरा हाल

# तीन माह में ही 34 लाख की सड़क का बंटाधार, अतुल, समीर व अन्य ठेकेदारों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम में छाई भर्राशाही की बात शायद ही किसी से छुपी हो। लाखों करोड़ों के काम होते हैं किंतु उन कार्यों की ना कभी मॉनिटरिंग होती है और ना ही गुणवत्ता की जांच। ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से लाखों का वारा न्यारा हो जाता है। हाल ही में वार्ड नंबर 19 का एक मामला और सामने आया है जिसमें अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत के चलते तीन माह पूर्व जनवरी-फरवरी में शक्ति नगर से वर्धमान नगर तक बनी सीमेंट की सड़क में दरार आ गई है। जब विवाद हुआ तो थूक पॉलिश का काम होने लगा जिससे इस वार्ड के लोग आक्रोश में भर गए और इस काम को रुकवा दिया। इसी वार्ड में दो डामर की सड़क बनी जो 2 हफ्ते में ही उखड़ गई है।

कक्कड़ ऑटो से क्रिश्चियन फैलोशिप तक छह- सात माह पूर्व ही 34 लाख 40 हजार की पीसीसी सड़क स्वीकृत हुई थी जिसका निर्माण कार्य विधानसभा चुनाव के ठीक पहले ठेकेदार ने शुरू किया था। किंतु रूक-रूककर यह काम हुआ और जनवरी-फरवरी में यह काम पूरा हुआ। इस कार्य की ना तो मानटरिंग हुई और ना ही इसकी गुणवत्ता की जांच हुई। जिसके चलते 3 महीने के भीतर ही इस सड़क में एक लंबी दरार पड़ गई। इसके अलावा किनारे से यह सड़क धंस भी गई। वार्डवासियों ने जब इस पर आपत्ति की तो ठेकेदार द्वारा इस पर रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया गया जिससे यहां के रहवासी आक्रोश में हैं और उन्होंने यहां काम रुकवा दिया है।

### भाजपा पदाधिकारी ने आरटीआई से निकाली जानकारी



भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सुमित भाटिया ने बताया कि आरटीआई के तहत उन्होंने इस सड़क की जानकारी निकाली तो पता चला कि यह रोड 18 इंच की बननी थी किंतु 01 इंच ही इसका निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि नियम के तहत इस सड़क का पुनर्निर्माण होना चाहिए किंतु ठेकेदार द्वारा इसकी रिपेयरिंग की जा रही जो कि गलत है और वे वार्डवासियों से इसका पुरजोर विरोध करेंगे। भाटिया ने बताया कि दो हफ्ते पूर्व ही यहां दो डामर की सड़कें बनी थी जिसमें भारी वाहन के चलने पर ये उधड़ गई। उन्होंने कहा कि पहले यहां सीसी रोड थी जिसके ऊपर डामर की सड़क बिछाई गई है और दो हफ्ते के भीतर ही यह सड़कें उधड़ गई हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी कमीशन खोरी में लिप्त हैं जिसकी वजह से ये सड़कें बनते ही उधड़ गई हैं और यहां रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर निगम की सफाई ठेकेदार को नोटिस दे चुके हैं

इस संबंध में नगर निगम ने सफाई दी है कि शक्ति नगर एवं वर्धमान नगर में सीसी रोड निर्माण नवंबर महीने के आसपास हुआ था जिसमें एक बाइक शोरूम के द्वारा गलत तरीके से 20-25 टन वजनी वाहन को किनारे में चलाया गया जिसकी वजह से रोड में दरार पड़ गई है, जिसे ठेकेदार द्वारा ठीक करवा कर शेष बचे हुए सीसी रोड के कार्य को करवाया जाएगा। उक्त रोड का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है एवं रोड निर्माण हेतु संबंधित ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया गया है। गुणवत्ता सुनिश्चित होने के बाद ही भुगतान संबंधित ठेकेदार को किया जाएगा रोड के दोनों तरफ के शोल्डर को मुरूम से भरा जा रहा है । साथ ही वार्डों की खराब सड़कों को संबंधित ठेकेदार द्वारा ठीक करवाया जा रहा है। इस संबंध में उन्हें नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

### इन सड़कों के ये हैं ठेकेदार जिन पर प्रशासन मेहरबान

कक्कड़ ऑटो से क्रिश्चियन फैलोशिप तक बनी 34 लाख 40 हजार की सीसी सड़क का निर्माण अतुल अग्रवाल द्वारा किया गया है, वहीं डामर की सड़कों का निर्माण समीर पोद्दार द्वारा किया गया है। निगम की अनेक सड़कों का निर्माण इन ठेकेदारों द्वारा किया गया है। खासकर कामठी लाइन एवं जयस्तंभ चौक सहित अन्य सड़कों के निर्माण एवं इनकी गुणवत्ता को लेकर शहर में पहले से ही चर्चा है, बताया जाता है कि इन सड़कों का निर्माण भी इन्हीं ठेकेदारों द्वारा किया गया है। बहरहाल इन सड़कों के निर्माण के दौरान मानिटरिंग न होना और गुणवत्ता की जांच न होना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार गुणवत्ताहीन काम करने के बाद भी नगर निगम इन पर खासा मेहरबान है ।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, बरसात के पूर्व वृक्षारोपण के लिए स्थल चिन्हांकित करने अधिकारियों को दिए निर्देश




■ बंद हेण्डपम्पों को शुरू करने, कुओं और टंकियों की साफ सफाई सुनिश्चित करें

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल की कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए गांवों में स्थित ऐसे हेण्डपम्प जो खराब है, उनकी आवश्यक मरम्मत की जाये। इसके साथ ही कुओं और टंकियों की साफ -सफाई सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के पूर्व वाटर रिचार्ज हेतु ऐसे शासकीय भवनों को चिन्हांकित किया जाये, जिनके समीप हैण्डपम्प हों, ताकि बरसाती पानी को रिस्टोर किया जा सके, जिससे भू-जलस्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने ऐसे सभी शासकीय भवनों, हेण्डपम्प और बोर का जियो टैग अनिवार्य रूप से करने कहा, ताकि इनका डाटा संकलित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी शहरी क्षेत्र में जल उपयोगिता समूह का गठन कराएं। इसमें महिला स्व सहायता समूह, एनआरएलएम, मितानिन इत्यादि को भी जोड़ें। बैठक में कलेक्टर गांधी ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख बारिश के पूर्व वृक्षारोपण के लिए स्थल चिन्हांकन और आवश्यक पौधों की जानकारी एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही पौधरोपण के लिए आवश्यकता अनुसार हॉस्टलवार पौधों की मांग संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सु रोमा वास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, विनय पोयाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में कैरियार मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाइडेंस संबंधी जानकारी देने के निर्देश डीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसिलिंग/ मेडिटेशन के लिए प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाये। मेधावी एवं कमजोर विद्यार्थियों को उनकी क्षमता अनुसार तैयार कर आगे बढ़ाने कहा। व्यायाम शिक्षकों को गावों में खेल खिलाने के लिए निर्देशित करने कलेक्टर ने डीईओ से कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए प्रत्येक स्कूल में कम्प्यूटर सेट की उपलब्धता की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए जिले में 'स्वाध्याय एप' शुरू किया गया है, इससे अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक 2 माह में पालक-शिक्षक संवाद आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों और पालकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहने कहा है।

# अवैध गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा कानुन व्यवस्था एवं अपराधो के नियत्रंण एवं रोकथाम करने एवं समय समय पर पुलिस को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर थाना अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली की नगरी सिहावा तरफसे मादक पदार्थ गांजा रखके दो व्यक्ति नीले रंग की जुपिटर में धमतरी की ओर आ रहे हैं की सूचना पर तत्काल थाना अर्जुनी एवं सायबर पुलिस टीम द्वारा ग्राम भोयना धमतरी मार्ग पुल के पास नाकाबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए टीव्हीएस जुपिटर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 9516 को रोककर जांच कार्यवाही कर चेक किया गया। जिसमें एक व्यक्ति जुपिटर चला रहा था एक व्यक्ति पीछे सीट में बैठा था जिससे नाम पूछने पर अपना. नाम अर्जुन पिता कन्हैया लाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरी थाना विध्यांचल जिला मिर्जापुर उ.प्र, दीपक कुमार पिता सतीशंकर बिंद उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरी थाना विध्यांचल जिला मिर्जापुर उ.प्र. जिसके पास से एक नग प्लास्टिक का भूरा सफेद रंग के थैला के अन्दर भूरा रंग के टेप से लिपटा एक पैकेट 2.030 किग्रा, एक पैकेट 5.030 किग्रा गांजा, कुल वजन 7.060 किग्रा किमती 70600 रूपये, एक रैग्जीन कपड़ा का बैग नीला सफेद चेक वाला जिसके अन्दर भूरा रंग के टेप से लिपटा एक पैकेट 2.990 किग्रा गांजा, एक पैकेट 6.360 किग्रा गांजा कुल वजन 9.350 किग्रा किमती 93500 रूपये कुल वजन 16.410 किग्रा गांता कुल किमती 164100 रूपये, एक नग नीले रंग का टीव्हीएस जुपिटर 125 सीसी क्रमांक सीजी 04 पीजे 9516 किमती . 50000. रूपये जुमला किमती 214100 रूपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में अपराध कमाक 153/ 2024 धारा 20(बी)(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में सायबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे प्रआर देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम, आर कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, योगेश नाग, बीरेंद्र सोनकर, आनंद कटकवार, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, विकास द्विवेदी, फनेश साहू थाना अर्जुनी से सउनि पुष्पा पांडे, उत्तम निषाद, आरक्षक खेमू हिरवानी, राजेश साहू का विशेष योगदान रहा।

# कोपेडीह की महिलाओं ने नशामुक्ति ग्राम बनाने लोगों को किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




ग्रामीणों को नशा से मुक्ति दिलाने का बीड़ा कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोपेडीह (हंचलपुर ) की महिलाओं ने उठाया है।
इसके लिए उन्होंने रैली के जरिए नशामुक्ति आभियान चलाकर गांव को नशा मुक्ति ग्राम बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया।

## शासकीय उद्यान रोपणी भाठागांव में आम फलों की नीलामी 9 मई को

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के शासकीय उद्यान रोपणी भाठागांव में आगामी 9 मई को आम फलों की नीलामी दोपहर ढाई बजे से की जायेगी। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इसके लिए अमानत राशि 5 हजार रूपये उक्त तिथि को दोपहर 2 से ढाई बजे तक ली जायेगी।

# सड़क हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नेशनल हाईवे में जगतरा टोल प्लाजा के पास पति-पत्नी सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों को 1033 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर अवस्था को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर मालगांव निवासी घनश्याम साहू पिता सोहन साहू अपनी पत्नी प्रीति साहू के साथ स्कूटी में उरला दुर्ग से घर वापस लौट रहा था। तभी जगतरा टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में हाईवे 1033 एंबुलेंस से दोनों को धमतरी जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजनों के निवेदन पर रायपुर रिफर किया गया। बताया गया कि घनश्याम और प्रीति की अभी एक सप्ताह पहले ही शादी हुई थी। घनश्याम अपने ससुराल उरला दुर्ग गया हुआ था। वहां से स्कूटी से लौट रहा था। घनश्याम कृषि विभाग कांकेर में पदस्थ है। घटना कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# जिले के स्व सहायता समूह की आदिवासी सदस्यों ने निफ्टेम में हाई-प्रोटीन ग्रेनोला बार बनाने की ली ट्रेनिंग

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के आदिवासी इलाकों में बेहतर पोषण और स्वरोजगार के लक्ष्य के लिए जिला प्रशासन के सहयोग के साथ, जय जंगल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और अलग-अलग स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने निफ्टेम कुंडली में एक खास तकनीकी हस्तांतरण के प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस प्रशिक्षण को डॉ. प्रारब्ध बड़गुजर और पीएचडी छात्रा रुशाली जैसवाल ने संचालित किया, जिसमें उन्होंने प्रोटीन युक्त ग्रेनोला बार बनाने की विधि सिखाई। ग्रेनोला बारों को आदिवासी इलाके की स्थानीय सामग्री के साथ विकसित किया जा रहा है ताकि इनके स्वास्थ्य लाभ और बढ़ें। प्रशिक्षण में उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, उच्चतम गुणवत्ता वाले सामग्रियों का चयन, और खाद्य सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने उत्पाद लेबलिंग के महत्व और तरीकों के बारे में भी सीखा, जिससे वे बाज़ार में अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर सकें। ट्रेनिंग को जशपुर जिला प्रशासन का समर्थन प्राप्त है और यह आदिवासी समुदायों के लिए आधुनिक खाद्य तकनीक के साथ पारंपरिक ज्ञान को मिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने बताया कि इस ग्रेनोला बार के तकनीक को सीखने के बाद जशपुर के महुआ सेंटर ऑफएक्सीलेंस में इस ग्रेनोला बार में फूड ग्रेड महुआ और सामान्य सहद की जगह महुआ सिरप को इस ग्रेनोला बार के प्रमुख घटक तत्वों में सामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# मतदान सामग्री का किया गया वितरण, कुनकुरी से सीईओ ने पोलिंग पार्टियों को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश सहित देशभर के अलग-अलग हिस्सों में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कल यानी की 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के लिए मतदान सामग्री का वितरण भी हो गया है। लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत जशपुर जिले के सभी मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री के साथ पोलिंग पार्टीयां रवाना हो चुकी हैं। विधानसभावार सामग्री वितरण का कार्य सम्पन्न किया गया विस क्र.12 जशपुर के लिए आ. उ. मा. विद्यालय डोड़का चौरा जशपुर, विस क्र.13 कुनकुरी के लिए शा. बालक मा. विद्यालय सलियाटोली कुनकुरी और विस क्र.14 पत्थलगांव के लिए शा. शोभा सिंह महाविद्यालय पत्थलगांव निर्धारित किया गया था। इन स्थानों से मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। कुनकुरी से पोलिंग पार्टी को जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने रवाना किया। मतदान दल के अधिकारी-कमर्चारियों को उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने रवाना किया। इसी तरह विस. क्षेत्र पत्थलगांव यहां शा. शोभा सिंह महाविद्यालय से एआरओ पत्थलगांव आकांक्षा त्रिपाठी ने मतदान कर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका उत्साह बढ़ाया साथ ही सभी शुभकामनाएं देते हुए मतदान हेतु दलों को रवाना किया। संगवारी दल की महिलाएं बड़े ही आत्मविश्वास और जोश के साथ मतदान कराने के लिए कॉलेज से रवाना हुईं। मतदान दल रवाना करने के लिए सुबह 6 बजे से ही सामग्री वितरण का काम शुरू हो गया था। इधर जैसे-जैसे सामग्री वितरण हुआ वैसे-वैसे दलों को रवाना किया गया।

# बिलासपुर में कांग्रेस, भाजपा समेत 37 उम्मीदवारों का भाग्य आज ई व्ही एम में कैद हो जायेगा

■ बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए 21 लाख से भी ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे।

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए कल 7 मई को वोट डाले जाएंगे। बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस बीजेपी और बसपा समेत 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन सभी उम्मीदवारों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो जाएगा। मतदान दल अपने-अपने मतदान केदो के लिए रवाना हो चुके हैं। चुनाव में प्रचार करने के लिए यदि कोई नहीं आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बिलासपुर नहीं आए शायद भारतीय जनता पार्टी को बिलासपुर से पार्टी की जीत सुनिश्चित लग रही है इसी वजह से दोनों बड़े नेता का बिलासपुर में एक भी बार चुनावी सभा नहीं हो पाई इसके विपरीत कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पक्ष में राहुल गांधी सचिन पायलट कन्हैया कुमार सुप्रिया नेत सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी चुनावी सभा को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया वहीं हमर राज पार्टी के नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम भी बिलासपुर आए और अपने प्रत्याशी अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव के पक्ष में समर्थन मांगा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचारक योगी आदित्यनाथ भी बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। बिलासपुर लोकसभा सीट में मुंगेली, बिलासपुर, तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी ,कोटा और लोरमी, बेलतरा विधानसभा शामिल है पिछले 35 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का बिलासपुर लोकसभा सीट पर कब्जा है । वर्ष 2008 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप सिंह जू देव ने कांग्रेस की प्रत्याशी डॉक्टर रेणु जोगी को मात्र 20,000 वोटो से पराजित किया था उसके बाद भारतीय जनता पार्टी का जनाधार बिलासपुर में लगातार बढ़ते गया ।लखनलाल साहू ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में जहां 176000 मतों से जीत दर्ज की थी उसके बाद ,भारतीय जनता पार्टी के जन आधार में थोड़ी कमी आई और अरुण साव पिछले चुनाव में 141000 वोटो से चुनाव जीते थे। विधानसभा चुनाव में भले ही भाजपा 8 में से 6 सीटें जीती लेकिन जीत हार के वोटो का आंकड़ा देखे तो भाजपा लगभग एक लाख वोटो से आगे है ।इस बार भारतीय जनता पार्टी ने ना तो लखन साहू को टिकट दिया और नहीं अरुण साव को प्रत्याशी बनाया बल्कि लोरमी के पूर्व विधायक तोखन साहू को मौका दिया कांग्रेस ने दावा किया है कि इस बार बिलासपुर के मतदाता इस मिथक को तोडेंगे कि बिलासपुर में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तोखन साहू और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर भरोसा है और वह हर सभा में यही बात दोहराते हैं कि बिलासपुर के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में भाजपा और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर मतदाता अपना वोट करेंगे। पूरे चुनाव में देश प्रदेश की ज्वलंत मुद्दों को छोड़कर मंदिर मस्जिद, मिशनरी और संविधान पर ही नेताओं का पूरा भाषण केंद्रित रहा। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के 21 लाख से भी ऊपर मतदाताओं पर किन नेताओं के भाषण का असर पड़ा है यह चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो जाएगा।

# धमतरी जाने निकली महिला की लाश सड़क किनारे बोरी में मिली

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बालोद जिले के सनौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तितुरगहन में बोरी में बंद एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। महिला का नाम भेश्वरी उर्फ छोटी साहू पति खिलावन साहू बताया गया जो कि ग्राम रमतरा की निवासी थी।
पोस्टमार्टम में हत्या करना बताया जा रहा है इस आधार पर पुलिस हत्यारे की खोज में लग गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रमतरा थाना गुरुर निवासी भेश्वरी साहू 35 वर्ष पति खिलावन राम 4 मई को धमतरी जाने के नाम पर पैसा और पर्स लेकर निकाली थी। शाम तक वह वापस घर नहीं पहुंची। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तितुरगाहन के पास बोरी में कोई लाश फेंककर गया है। बोरे में से लाश दिख रही है। जिसके बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में खोलने पर महिला की लाश की शिनाख्ती की गई। बताया जा रहा है कि वह खिलावन की दूसरी पत्नी थी। धमतरी जाने के बाद वो किसी से मिली या आसपास ही थी वो जांच के बाद पता चल पाएगा।

## धमतरी जाने की बात कहकर निकली थी महिला

पुलिस अधिकारी राजेश बागडे ने बताया कि महिला के शिनाख्त होने के बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई तब पता चला कि महिला 4 को धमतरी जाने की बात कह कर घर से निकली हुई थी तब से वह लापता थी और 5 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी लाश बोरी में बंद कर सड़क किनारे फेंक दिया था। जिस पर खोले जाने पर महिला की शिनाख्त हो पाई है पुलिस द्वारा महिला के परिजनों सहित सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अज्ञात के खिलाफधारा 302 201 के तहत मामला दर्ज किया गया है।जल्द ही आरोपी हत्यारा पुलिस के शिकंजे में होगा। महिला के सभी संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ एवं खोज भी की जा रही है।

## सायकल यात्री इंद्रसेन का सम्मान व यात्रा वृत्तांत

# एंबुलेंस चालक द्वारा टिफिन देना भावुक कर गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




सुनहरी यादें संस्था द्वारा ''दास्तान-ए-सायकल यात्रा एवं सम्मान समारोह'' का आयोजन रामसागर पारा स्थित होटल अलोहा आई स्टे में किया गया । कार्यक्रम संयोजक मुकेश शाह व हरमेल सिंह ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सायक्लिस्ट 55 वर्षीय इन्द्रसेन अग्रवाल का सम्मान व यात्रा संस्मरण सुनना था, जिन्होंने विगत माह फरवरी से मार्च में 37 दिनों में लगभग 3800 किलोमीटर की सायकल यात्रा की। यात्रा कन्याकुमारी से 16 फरवरी को प्रारंभ कर 23 मार्च को कश्मीर के लाल चौक पर सम्पन्न किय। सबसे पहले अतिथि अनिल जैन, उमेश राठी, विवेक खंडेलवाल, इन्द्रसेन अग्रवाल, मुकेश शाह, हरमेल सिंह के करकमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। ऋषि गुप्ता द्वारा इन्द्रसेन अग्रवाल का जीवन परिचय संस्था को बताया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इन्द्रसेन अग्रवाल को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। पश्चात् इन्द्रसेन अग्रवाल ने अपने यात्रा संस्मरण के अन्तर्गत बताया कि वे इस 37 दिनों की सायकल यात्रा के मुख्य उद्देश्य ''रक्तदान के प्रतिजागरूकता'' हेतु भारत के दक्षिण से लेकर उत्तर अर्थात कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक देश के लोगों के रक्तदान के फायदे बताकर रक्तदान के प्रति जागरूकता हेतु अपना पूरा प्रयास किया। इस तारतम्य में उन्होंने आगे बताया कि चूंकि यह यात्रा उनके अकेले की थी, तो कई बार परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। रात होने पर पैट्रोल पम्प और ढाबे में रूकना, सायकल पंचर हो जाने, बिगड़ने पर वे स्वयं ही ठीक करना होता था। घने जंगल से होकर अकेले गुजरना मन में डर भी पैदा कर देता था। उन्होंने याद करते हुए बताया कि दक्षिण भारत में एक एम्बुलेंस ड्रायवर द्वारा खाने हेतु उन्हें टिफिन देना भावुकता वाला पल था। दक्षिण में एक जगह छत्तीसगढ़ के भाई लोग सड़क पर काले बॉस का बेरीकेट लगा रहे थे। मैंने उनसे पूछा तो उसमें से एक व्यक्ति ने छत्तीसगढ़ी में बात करी मुझे बहुत अच्छा लगा कि यह तो हमारे छत्तीसगढ़ के बंधु है। नागपुर का रास्ता इस ट्रिप का आधा रास्ता हो गया, नागपुर में सायकल मेयर डॉ. अमित समर्थ से मिलना सौभाग्य की बात है। नागपुर राईडर्स के साथ राइड करते-करते हम नागपुर के जीरो माइल पर ही पहुंचे। जीरो माइल के बारे में बताते हैं कि वह भारत का सेंटर पाइंट है। दिल्ली इंडिया गेट पर पहुंचना सायकल सवारों के लिए हौसले का काम करता है। जब दिल्ली पहुंचे तो बारिश ने स्वागत किया। इंडिया गेट पर अनेक लोगों से रक्तदान जागरूकता के बारे में बात की, रक्तदान की महत्ता को समझाने का प्रयास किया। पठानकोठ से जब लखनपुर के रास्ते जम्मू की ओर आगे बढ़े तो फोन का बन्द होना एकदम से आश्चर्य चकित कर गया। फिर पता चला कि यहां पर प्रीपेड सिम काम नहीं करते, तो वहीं पर पोस्टपेड सिम लेना पड़ा, तब जाकर घरवालों से बात हो पायी। लखनपुर जो कि गेटवे ऑफ जम्मू है, वहां पर महाराजा गुलाब राय जी की स्टेचू लगी हुई है याद के तौर पर दो-चार फोटो निकाल लिए फिर आगे चले। जम्मू टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष आर.एस. मेहता ने फ्लैग ऑफकर हमें जम्मू से विदाई दी। 23 मार्च को कश्मीर के श्रीनगर लाल चौक पहुंचने पर शरीर रोमांचित हो उठा, सभी परिजनों की शुभकामनों से यह यात्रा 37 दिनों में सम्पन्न हो गयी। शाम को जम्मू के यूथ हॉस्टल द्वारा सम्मान पाना भी गर्व की बात रही। इस तरह की अनेक बातें इन्द्रसेन के द्वारा प्रस्तुत करने पर उपस्थित लोगों ने कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा को साक्षात महसूस किया। उल्लेखनीय है कि 'इंडिया बुक ऑफरिकार्ड' द्वारा इन्द्रसेन अग्रवाल को इस यात्रा के लिए अवार्ड दिया गया। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र, मैडल व अन्य सामग्री अतिथि अनिल जैन एवं अन्य अतिथि द्वारा देकर सम्मानित किया गया। सुनहरी यादें संस्था द्वारा 'अभिनन्दन पत्र' भेंट किया गया। इसके उपरान्त इन्द्रसेन द्वारा लिखित यात्रा संस्मरण 'ओशन टू स्काई' पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शाह व आभार प्रदर्शन हरमेल सिंह द्वारा किया गया।

# एसडीएम बगीचा ने मतदाताओं को प्रात: जल्दी मतदान केन्द्र पर आकर मतदान करने के लिए किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में एस.डी.एम. बगीचा ओमकार यादव के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए एवं शत प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चिलचिलाती धूप में भी जबरदस्त मेहनत किया जा रहा है। एसडीएम यादव द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए मतदाताओं से शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु विभिन्न रैलीयों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर मतदान के प्रति लोगों के मन में जागरूकता उत्पन्न की जा रही है। हर गली मोहल्ले टोले पारे में हर समय अधिकारी कर्मचारी ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं स्व सहायता समूह की महिलायें जन जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। सभी मतदाताओं को प्रातः काल जल्दी मतदान केन्द्र पर आकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# पायनियर हलचल...

## हवा के रुख में बदलाव तो नहीं?

7 मई को तीसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ की शेष 7 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो जाएगा। पहले चरण में बस्तर के लिए मतदान किया गया। वहीं दूसरे चरण में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा के लिए मतदान हुआ। दूसरे चरण के मतदान सम्पन्न होने के बाद बिलासपुर, जांजगीर, सरगुजा, कोरबा और दुर्ग जैसी सीटों में भी मतदाता खमोश होते दिख रहे हैं। हवा के रुख में पहले की अपेक्षा बदलाव देखा जा रहा है, इसके मायने क्या हैं? इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मतदाता खामोश हैं इसलिए परिणाम क्या होंगे इस भी टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। आम तौर पर मतदाता के खामोश रहने से सत्ता पक्ष की चिंता बढ़ जाती है, लेकिन यहां ऐसा भी नहीं है सीएम विष्णुदेव साय समेत तमाम भाजपा नेता 11 की 11 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। पीएम मोदी के करिश्माई जादू में यह सम्भव भी हो सकता हैं। वहीं रुपयों का लालच भी अब सर चढ़कर बोलने लगा है। बीते विधानसभा चुनाव में राज्य की महिलाओं ने आर्थिक मजबूती के लिए, मतलब 1000 रुपये प्रतिमाह पाने के लिए भूपेश सरकार की विदाई कर दी थी। अब कांग्रेस ने 1 हजार नहीं बल्कि 1 लाख रुपये सलाना देने का वादा किया है। इसका मतदाताओं पर कितना असर होगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन यह बात जरुर कही जा सकती है कि पहले चरण के मतदान के पूर्व जहां छत्तीसगढ़ में भाजपा की स्थिति मजबूत और कांग्रेस की स्थिति बेहद कमजोर थी, अब हालात वैसे नहीं हैं। कांग्रेसी प्रत्याशी भी जातीय समीकरण को साधने में सफल होते दिख रहे हैं। जातीय समीकरणों के चलते वोटों के ध्रुवीकरण से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## सरोज की बारी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो कह दिया वही इन दिनों भाजपा का संविधान है। विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने ओपी चौधरी को लेकर कहा था कि ओपी चौधरी को जिताइये हम इन्हें बड़ा आदमी बनाएंगे। शाह के कहने पर रायगढ़ की जनता ने ओपी चौधरी को विधानसभा चुनाव जिता दिया। शाह ने भी अपना वायदे अनुसार ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बना दिया। ओपी वर्तमान में विष्णुदेव सरकार में केबिनेट मंत्री हैं। वित्त विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। अब यही बात अमित शाह ने कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के लिए कही है। शाह ने चुनावी सभा में खुले तौर पर कहा है कि विकास के लिए हमारे प्रत्याशी को बड़ा बनाइए। दरअसल में सरोज पांडे वर्तमान में भी बड़ी नेत्री हैं, फिर अमित शाह के द्वारा सरोज को बड़ा बनाने का मतलब क्या है? कहीं अमित शाह का मतलब ओपी चौधरी की तरह सरोज पांडे को भी मंत्री बनाने से तो नहीं है? क्योंकि सरोज पांडे विधायक रहीं, महापौर रहीं, सांसद रहीं, राष्ट्रीय महामंत्री रहीं, राज्य प्रवक्ता हैं यही नहीं सरोज महाराष्ट्र की प्रभारी भी रह चुकी हैं। इसके बाद भी अब सरोज को कितना बड़ा बनाया जा सकता है। कुल मिलाकर शाह के बयान से यह कहा जा सकता है कि यदि सरोज कोरबा से चुनाव जीतकर आती हैं, और देश में मोदी सरकार की वापसी होती है तो उनका मंत्रीमंडल में स्थान लगभग तय है।

## एक और रिटायर्ड आईएएस के भाजपा प्रवेश की चर्चा

कहते हैं कि भाजपा सरकार में अफसर बड़े कम्फर्ट रहते हैं। यह नजारा अब सरकार से बाहर निकलकर पार्टी में भी दिखने लगा है। शायद यही कारण है कि कहीं रिटायरमेन्ट के बाद, तो कही सेवा से त्यागपत्र देकर अफसरों में भाजपा प्रवेश की होड़ लगी हुई है। इस सूची में ओपी चौधरी, नीलकंठ टेकाम, शिशुपाल शोरी, एसएसडी बड़गैयां, राकेश चतुर्वेदी, समेत अफसरों की लंबी सूची है। ओपी, राकेश, बड़गैयां, टेकाम और शिशुपाल की रुचि समाज सेवा में रही है यह माना जा सकता है। वह सेवाकाल के दौरान भी समाजिक और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते रहे हैं। लेकिन अब एक ऐसे रिटायर्ड आईएएस अफसर के भाजपा प्रवेश की चर्चा है, जिसके नाम को सुनकर लोग आश्चर्य में पड़ गए हैं। खैर यह अफवाह है कि सच यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा। यह रिटायर्ड आईएएस भूपेश सरकार में काफी महत्पूर्ण रहे, भाजपा के एक कद्दावर नेता के भी बेहद करीबी माने जाते हैं। एक खास आयोग के चेयरमेन का कार्यकाल पूरे होते ही भूपेश सरकार ने इनके लिए एक और नया आयोग बनाकर चाबी सौंप दिया था। रमन सरकार में भी शीर्ष पदों पर यह विराजमान रहे। यह बात अलग हैं कि रमन सरकार के दौरान इनके पॉवर सीज थे। उस टाइम सारे निर्णय सिविल लाइन्स स्थित एक सरकारी कार्यालय से लिए जाते थे। अब वो भी अपने गले में भाजपा का गमछा डाले कहीं मिल जाएं तो इसमें आश्चर्य मत करियेगा।

## खेड़ा का बखेड़ा

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं राधिका खेड़ा इन दिनों जमकर चर्चा में है। खेड़ा ने मामूली विवाद पर बखेड़ा खड़ा कर दिया। यह बखेड़ा इतना बढ़ गया कि खेड़ा ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। खैर इस्तीफा के पीछे का मकसद कुछ और है या फिर बखेड़ा में ही खेड़ा ने इस्तीफा दे दिया इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। दरअसल में राधिका ऐसे ही चर्चे में नहीं आई उन्हें दिल्ली से जादा सम्भावनाएं छत्तीसगढ़ में दिख रही हैं। कांग्रेस की सरकार रहते हुए राज्य के पर्यटन उन्हें खूब भाए। शायद इसीलिए उन्होंने पर्यटन के चक्कर भी खूब लगाए। पर्यटन ही नहीं राधिका ने कांग्रेस की सरकार रहते हुए नया रायपुर में खूब संवाद किया। खैर पर्यटन में उन्हें क्या-क्या और कितना देखने को मिला, संवाद से उन्होंने कितना ज्ञान अर्जित किया, यह तो राधिका ही जानेंगीं। लेकिन अब कांग्रेस की सरकार जा चुकी है। नवा रायपुर भी तप रहा है, गर्मी की वजह से पर्यटन की भी पूछ परख कम है। कहते हैं कि वीडियोग्राफी ने ही खेड़ा को यहां लाया अब वीडियो ने ही खेड़ा के लिए बखेड़ा खड़ा कर दिया। कुल मिलाकर वीडियो और वीडियोग्राफी से खेड़ा का पुराना नाता है। कभी तीजा, पोरा मनाने मायके (छत्तीसगढ़ के सीएम हाऊस) आने वाली राधिका खेड़ा, अब यहीं की होकर रह गईं हैं? निश्चित ही राधिका को दिल्ली से ज्यादा छत्तीसगढ़ में संभावनाएं दिख रही हैं। फिलहाल उन्होंने दुशील पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब दुशील और सुशील में क्या समानताएं हैं? कका कौन हैं? यह सब तो जांच का विषय है। एआईसीसी ने इसके लिए जबाब सुनिश्चत करने को कहा था, पीसीसी चीफ बैज के जबाब भेजने से पूर्व ही खेड़ा ने बखेड़ा कर अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर सर्जरी

लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी है। इसमें बड़े स्तर के अधिकारी प्रभावित हो सकते हैं। सीएम साय के बीते कार्यकाल में अफसरों के परफारमेंस का मुल्याकंन कर उपर स्तर से यह फैसले लिए जा सकते हैं। जिसमें आईएएस, आईपीएस और आईएफएस स्तर के अफसर प्रभावित होंगे। राज्य में सरकार बदलने के बाद भी डीजीपी सहित कई विभाग प्रमुखों को नहीं बदला गया। हालांकि जुनेजा को एक सुलझा हुआ अफसर माना जाता है, इसके साथ ही रिटायरमेन्ट के कारण कुछ हद तक उनकी कुर्सी बच गई। वहीं इस दौरान केन्द्र से कई आईएएस अफसरों की छत्तीसगढ़ वापसी हो चुकी है। जो अपनी अच्छी पोष्टिंग की जुगत में है। इसलिए चुनाव सम्पन्न होने के बाद बड़ी सर्जरी से इंकार नहीं किया जा सकता।

## हेलो-हेलो....

ऐसे तो टेलीकॉम कंपनी और इनके अधिकारियों का काम हेलो-हेलो करना होता है। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में हेलो-हेलो वाले अधिकारी सभी काम करने में माहिर हैं। टेलीकॉम विभाग के अफसरों ने छत्तीसगढ़ में बड़े कारनामे किए। एपी त्रिपाठी शराब घोटाले में जेल की हवा खा रहे हैं। अब टेलीफोन विभाग के अफसर मनोज सोनी भी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। कभी दुर्ग में टेलीफोन के तार से गुजारा करने वाले एपी त्रिपाठी पर करोड़ों के शराब घोटाले के आरोप हैं। वहीं अब मार्कफेड के एमडी रहे सोनी ने भी अपनी जगह ढूंढ़ ली है। राज्य में चावल, शराब और खनिज में जमकर कारनामें किए गए। जिसकी परत-दरपरत खुलते जा रही है। कहते हैं कि यह सिलसिला यहीं नहीं रुकने वाला लोकसभा चुनाव के बाद राडार पर चल रहे और अफसरों पर भी ईडी की गाज गिर सकती है। अब ईडी की कार्यवाही को देखते हुए सरकारें हेलो-हेलो विभाग के अफसरों से किनारा करने का मन बना लिया है। हालांकि एपी त्रिपाठी और मनोज सोनी को पूर्व की भाजपा सरकार में ही खोजा गया था। भूपेश सरकार ने इनके हेलो-हेलो का जादू चल गया। हेलो-हेलो करके चावल और शराब में धांधली कर दी गई।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# मतदान दल को मतदान सामग्री का किया गया वितरण सामग्री लेकर दल के सदस्य हुए बस से रवाना

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों और मतदान दलों को गुलाब फूल देकर किया उत्साहवर्धन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह ने बीटीआई स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर मतदान दल को गुलाब फूल भेंटकर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्वाचन कार्यों की व्यवस्था में लगे अतिरिक्त कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर से लेकर मतदान कर्मियों से मिलकर उनका हौंसला बढ़ाया। फिर मतदान दलों को मतदान केंद्र के लिए रवाना होने का सिलसिला शुरू हुआ। यही नहीं, कलेक्टर ने टेंट की व्यवस्थाएं, पानी की व्यवस्थाएं, साफ-सफाई की व्यवसथा से लेकर मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों के चालकों और कंडक्टरों से भी सुबह मुलाकात की और उन्हें निष्पक्ष,




सुरक्षित और पारदर्शी निर्वाचन में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान कलेक्टर ने सुबह से ही स्ट्रांग रूम में पहुंचकर सभी बड़े अधिकारियों से लेकर बस चालकों को भी गुलाब फूल भेंटकर उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने एसएसपी की मौजूदगी में सुरक्षा कर्मियों से भी बात कर उनका उत्सावर्धन किया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से निर्वाचन दलों और मतदान सामग्रियों की सुरक्षा करने के कर्तव्य को हर हाल में पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को गुलाब का फूल देकर सभी की सलामती और निर्विघ्न चुनाव की आशा जताई। इस बार की स्ट्रांग रूम की व्यवस्था देख मतदान दल के सदस्य काफी खुश हुए और जिला प्रशासन की सराहाना की। मतदान दल को ईवीएम मशीनें, वीवीपैट सहित मेडिकल किट देकर बस से रवाना किया गया। साथ ही सुरक्षाबल की टीम भी उनके साथ थी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और सभी एआरओ को गुलाब फूल भेंटकर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान दलों के सुविधाओं में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी। सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। मतदान दल को बेहतर प्रशिक्षण दिया गया है और प्रशिक्षण पाकर अवश्य ही बेहतर तरीके से मतदान को कराएंगे। उनकी सुविधाओं में कोई कमी न हो, इसके लिए चेकलिस्ट, फलो चार्ट की व्यवस्था की गई है। मतदान प्रशिक्षण संबंधी वीडियो भी शेयर किए गए हैं। एसएसपी सिंह ने कहा कि मतदान दलों के साथ सुरक्षा कर्मियों को भी रवाना किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए पूर्ण तैयारियां की गई है। उल्लेखनीय है कि 7 मई को रायपुर लोकसभा के लिए मतदान होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसकी तैयारी पूर्ण रूप से कर ली गई है।

# स्वामी आत्मानंद जी छत्तीसगढ़ का गौरव हैं, उनका नाम हटाकर पछताएगी भाजपा : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलने की भाजपा सरकार की योजना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अगर ऐसा होता है तो यह दुर्भाग्यजनक होगा और ऐसा करके भाजपा समाज में ग़लत संदेश देगी और बाद में पछताएगी।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यक्तियों के नाम से चल रही योजनाओं का नाम बदलना भाजपा की फ़ितरत रही है पर छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का



नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है। उन्होंने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का रायपुर से नाता रहा है और इसीलिए स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा का प्रचार प्रसार करने का फैला किया था। समाजसेवा को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। बघेल ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भीषण सूखा पड़ा था तब उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दान राशि को सूखा राहत कार्यों में लगाने का फैसला किया था। वे जीवनपर्यंत स्वामी विवेकानंद के 'दरिद्र नारायण' की अवधारणा का पालन करते रहे और रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के माध्यम से ग़रीबों और ज़रूरतमंदों की सहायता करते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद आरंभ से ही मेधावी छात्र रहे और नागपुर विश्वविद्यालय में गणित में एमएससी प्रवीणता के साथ पास की थी।

# शाह बानो से लेकर राधिका खेड़ा कांग्रेस के महिलाओं के साथ केवल अन्याय किया : रेणुका सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा विधायक रेणुका सिंह ने कहा कांग्रेस ने लगातार महिलाओं के साथ अन्याय किया है शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को



वर्षों के केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया था तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला, और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था, महिलाओं को कुचलना और उनका अधिकार मारना उन्हें अपमानित करना। कांग्रेस का यही चरित्र है इसीलिए महिलाएं कांग्रेस से घृणा करने लगी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं है तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा, सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।

# महिला न्याय की बात करना कांग्रेस का एक नाटक है : सरोज पांडे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा की नेत्री सरोज पांडेय ने कहा कांग्रेस ने लगातार महिलाओं के साथ अन्याय किया है शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षों के केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया था तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला, और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था, महिलाओ को कुचलना और उनका अधिकार मारना उन्हें अपमानित करना आज भी कांग्रेस का यही चरित्र है इसीलिए महिलाएं कांग्रेस से घृणा करने लगी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं है तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा, सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए। प्रियंका गांधी के निजी सहयोगी ने दलित नेता अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार किया था कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिल्म अभिनेत्री नगमा के साथ भी यही हुआ कोई कार्यवाही नहीं हुई, राधिका खेड़ा के साथ भी यही हुआ कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रियंका गांधी सोनिया गांधी को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# राज्यपाल ने नागरिकों से की मताधिकार का प्रयोग करने की अपील



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रदेश के सभी वयस्क नागरिकों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। देश के संविधान ने वयस्क नागरिकों को मत देने का अधिकार सौंपा है उसका उपयोग जिम्मेदारी पूर्वक करना चाहिए। सभी नागरिकों का कर्त्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 7 मई को मतदान होना है।

# चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मनाया गया मतदान जागरूकता दिवस

**रायपुर।** कोई भी मतदाता पीछे ना छूटे के उद्देश्य से धरसीवा क्षेत्र व बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के आसपास के 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान देने के लिए चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के स्टाफ द्वारा प्रेरित किया गया। इसके अलावा शत-प्रतिशत मतदान के लिए हमें स्वयं भी वोट और डालना है और परिजन वह पड़ोसियों से भी मतदान कराना है। तथा सामान्य जन समुदाय को मतदाता सूची में अपना नाम जचने व नाम जुड़वाने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ-साथ शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403